राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 301
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 24 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 गांव गनौली ने मनाया 651वां स्थापना दिवस , ग्राम पाठशाला बनी प्रेरणा
पेज 4 राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर हुआ भव्य आयोजन
पेज 6 सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी के सामने पेश हुए पूर्व क्रिकेटर युवराज

## संक्षिप्त खबरें

### सत्येंद्र जैन से जुड़ी 7.44 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने मंगलवार को दिल्ली के पूर्व मंत्री और आप के नेता सत्येंद्र जैन से जुड़ी 7.44 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर ली। ईडी ने ये कार्रवाई पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के तहत मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की है। साल 2017 में सीबीआई ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की थी। जैन पर आरोप था कि उन्होंने चार कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की जिनमें वे शेयरहोल्डर थे। ईडी ने जांच में पाया कि 2015-16 के दौरान जब सत्येंद्र जैन सरकारी पद पर थे, उनकी कंपनियों ने हवाला के जरिए 4.81 करोड़ रुपए का शेल कंपनियों से लेनदेन किया था।

### भाजपा सांसद की पत्नी हुई डिजिटल अरेस्ट, गंवा दिए लाखों रुपये

**चिक्काबल्लापुर।** कर्नाटक में बेंगलुरु स्थित चिक्काबल्लापुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद के. सुधाकर की पत्नी प्रीति की डिजिटल अरेस्ट के बाद अपने 14 लाख रुपये गंवा दिए। इस साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ बेंगलुरु पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करके 14 लाख रुपये की वसूली कर ली है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 26 अगस्त को हुई थी। डिजिटल गिरफ्तारी एक साइबर धोखाधड़ी है जिसमें धोखेबाज पुलिस या प्रवर्तन एजेंसी के अधिकारियों के रूप में पहचान बनाते हैं और वॉट्सएप वीडियो कॉल से पीड़ितों को धमकी देते हैं।



## हैप्पी मॉर्निंग


सुरेश और लड़की में हुआ झगड़ा
सुरेश- तू काली मोटी, काली कलूटी, दांतली कही की
लड़की- तू नशेड़ी, शराबी कही का सुरेश जोर-जोर से हंसकर बोला- मैं तो कल सुबह ठीक हो जाऊंगा
पर तू सारी उम्र ऐसी ही रहेगी.....



## शायरी

उस ने दुख सारे ज़माने का मुझे बख़्श दिया
फिर भी लालच का तक़ाज़ा है कहूँ कुछ कम है

## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,102.10
-57.87 (0.070%)
निफ्टी:
25,169.50
-32.85

## मौसम



अधिकतम : 35 डिग्री से0
न्यूनतम : 24 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 6 : 13
सूर्यास्त बुधवार : 6 : 27

# ट्रम्प फिर बोले- मैंने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई


## कहा- दुनिया में 7 जंग रोकने की जिम्मेदारी यूएन की थी; लेकिन यह काम मुझे करना पड़ा

**एजेंसी**

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को फिर भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का दावा किया।

उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने 56 मिनट के भाषण के दौरान यह बात कही, जबकि उनके बोलने के लिए 15 मिनट तय थे।

यूएनजीए को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा- दुनिया में जारी 7 जंग रुकवाने की जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र की थी, लेकिन मैंने ये सभी जंग खत्म कराईं।



ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों, अमेरिका के आर्थिक हालात, रूस-यूक्रेन जंग, इजराइल-हमास जंग, कार्बन फुटप्रिंट जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी।

ट्रम्प के भाषण की शुरुआत में टेलिप्रॉम्प्टर खराब हो गया। इस पर उन्होंने कहा कि इससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है, इस तरह आप दिल से बात कर पाते हैं।

अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने पहली बार यूएनजीए को संबोधित किया।

इससे पहले उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति रहते आखिरी बार 2020 में यूएन को संबोधित किया था।

### 7 साल पहले ट्रम्प पर हंसे थे वर्ल्ड लीडर्स

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड 25 सितंबर 2018 को ट्रम्प संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण दे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि 2 साल से भी कम समय में उन्होंने बाकी सभी अमेरिकी राष्ट्रपतियों से ज्यादा काम किया है। ट्रम्प की बात सुनकर सभा में मौजूद दुनियाभर के नेता हंसने लगे। ट्रम्प ने न्यूजीलैंड की तत्कालीन पीएम जैसिंडा अर्डन को देखकर कहा- मुझे ऐसे रिएक्शन की उम्मीद नहीं थी। कोई बात नहीं। अब 7 साल बाद ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार यूएन को संबोधित किया। लेकिन इस बार हालात पूरी तरह से बदले नजर आए।

# फ्लाइट के लैंडिंग गियर में छुपकर दिल्ली आया

▶ 13 साल का लड़का बोला- देखना था कैसा लगता है, पूछताछ के बाद वापस अफगानिस्तान भेजा

**काबुल/ दिल्ली।** अफगानिस्तान से एक 13 साल का लड़का प्लेन के लैंडिंग गियर में छुपकर भारत आ गया। यह घटना रविवार, 21 सितंबर की है।

अफगानिस्तान की केएएम एयरलाइन की फ्लाइट आर क्यू-4401 काबुल के हामिद करजई एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 8: 46 बजे रवाना हुई और सुबह 10: 20 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर उतरी।

एयरलाइन कर्मचारियों ने फ्लाइट के पास एक लड़के को घूमते देखा। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को तुरंत सूचित किया। इसके बाद सीआईएसएफ ने लड़के को हिरासत में ले लिया और पुलिस को सौंप दिया।

लड़के ने अधिकारियों को बताया कि उसने जिज्ञासा की वजह ऐसा किया। वह देखना चाहता था कि कैसा लगता है। लड़का अफगानिस्तान के कुंदुज शहर का रहने वाला है।

### केरल में छापेमारी के दौरान 36 लक्जरी कारें जब्त

**कोच्चि।** सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को केरल के विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर भूटान से अवैध रूप से लाई गए लक्जरी कारों को जब्त किया। इन पर सेना और अमेरिकी दूतावास के फर्जी दस्तावेज थे। कस्टम्स प्रिवेंटिव कमिश्नर टी तिजु ने बताया कि लगभग 30 स्थानों पर छापे मारे गए। इनमें फिल्मी सितारों पृथ्वीराज सुकुमारन, दुलकर सलमान और अमित चक्कलक्कल के आवास भी शामिल थे। इस दौरान 36 लक्जरी कारें जब्त की गईं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन नुमखोर के तहत ये कार्रवाई की गईं। कई कारें अवैध रूप से भारत में लाकर बेची गई थीं। इनका इस्तेमाल सोने और नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए भी किया गया। उन्होंने कहा- यदि वे इस तरह से कारें, सोना और नशीले पदार्थ की तस्करी कर सकते हैं तो वे कुछ भी ला सकते हैं। इसलिए, यह देश की राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है।

### अगले महीने शुरू होगा सबसे बड़ा ड्रोन अभ्यास

नई दिल्ली। सशस्त्र सेनाओं का बड़ा एकीकृत अभ्यास 6 से 10 अक्टूबर के बीच मध्य प्रदेश में होने जा रहा है। हेडक्वार्टर्स इंटिग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (एचक्यू आइडीएस) की तरफ से कोल्ड स्टार्ट नाम के इस अभ्यास में ड्रोन और काउंटर ड्रोन सिस्टम का गहन परीक्षण किया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सबसे बड़ा अभ्यास माना जा रहा है। इसका मकसद देश की मौजूदा हवाई रक्षा क्षमताओं के प्रभाव को आंकना और उसकी खामियों को ठीक करना है। एयर डिफेंस सिस्टम पर एक सम्मेलन में इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (ओपीएस) के डिप्टी चीफ एयर मार्शल राकेश सिन्हा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से तमाम सबक मिले और हमें अपने दुश्मन की सैन्य सोच और योजना से आगे रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास में तीनों सेनाओं के अलावा उद्योग भागीदार, अनुसंधान और विकास संगठन और शैक्षणिक संस्थान भी शामिल होंगे।

# कोलकाता में भारी बारिश से बाढ़, सात की मौत

## सड़कों-घरों में पानी भरा, रेलवे-मेट्रो सर्विस ठप

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक मूसलाधार बारिश से बाढ़ आ गई। पानी में बिजली का करंट फैलने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है। कोलकाता में पिछले 24 घंटों में लगभग 247.5 मिमी बारिश हुई।

शहर की कई सड़कों पर 3 फीट तक पानी भर गया है। यातायात व्यवस्था सुबह से चरमरा गई है। सड़कों पर खड़ी गाड़ियां आधी से ज्यादा डूब गई हैं। वहीं घरों और रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में भी पानी भरा है।





सीएम ममता बनर्जी ने कहा- मैंने ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी। जिन लोगों की जान गई है, उनके लिए उन्हें दुख है। हमारे घर भी पानी में डूब गए हैं।

हम सब परेशान हैं। मुझे पूजा पंडालों के लिए भी बहुत बुरा लग रहा है। कोलकाता एयरपोर्ट पर पानी भरने और खराब मौसम के कारण 30 फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं और 42 फ्लाइट्स लेट हो गईं। पानी भरने से शहीद खुदीराम और मैदान मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा रोक दी गई है।

बारिश के कारण कई जगह दुर्गा पूजा के पंडाल डूब गए तो कई खराब हो गए हैं। बंगाल सरकार ने बारिश के चलते पूरे राज्य में सभी सरकारी स्कूल और कॉलेजों में तय समय से दो दिन पहले ही दुर्गा पूजा की छुट्टियां कर दी हैं।

# राहुल बोले- वोट चोरी, बेरोजगारी का सीधा रिश्ता

## युवा भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे; मोदी इमेज बनाने और अरबपतियों को फायदा दिलाने में बिजी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को फिर से बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने ङ्क पर लिखा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। उन्होंने बिहार के बेरोजगार युवाओं का वीडियो शेयर कर लिखा- जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना। लेकिन



बीजेपी चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती। वो वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बने रहते हैं। इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के हाई लेवल पर पहुंच चुकी है। राहुल ने कहा कि देश का युवा मेहनत करता है, सपने देखता है और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता है। लेकिन मोदी जी सिर्फ अपने पीआर, सेलिब्रिटीज से अपना गुणगान करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में बिजी हैं।

### राहुल बोले- युवा नौकरी की लूट नहीं सहेंगे

राहुल ने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं। भारत का युवा समझ चुका है कि असली लड़ाई सिर्फ नौकरियों की नहीं, बल्कि वोट चोरी के खिलाफ है। क्योंकि जब तक चुनाव चोरी होते रहेंगे, तब तक बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भी बढ़ते रहेंगे। अब युवा न नौकरी की लूट सहेंगे, न वोट की चोरी। भारत को बेरोजगारी और वोट चोरी से मुक्त करना ही अब सबसे बड़ी देशभक्ति है।

# कर्नाटक में जाति जनगणना शुरू, 7 अक्टूबर तक जारी रहेगी

**हाईकोर्ट में इसे रुकवाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई आज**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट राज्य में हो रही जाति जनगणना को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर आज सुनवाई करेगा। याचिका में जाति जनगणना के पीछे राजनीतिक मंशा का आरोप लगाया गया है। हालांकि, राज्य सरकार का कहना है कि कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए आंकड़े जरूरी हैं। इधर, कर्नाटक में सामाजिक और शैक्षणिक सर्वे यानी जाति जनगणना सोमवार से शुरू हो गई है। ट्रेनिंग के चलते ग्रेटर बेंगलुरु क्षेत्र में एक-दो दिन की देरी हो सकती है। यह सर्वे 7 अक्टूबर तक चलेगा।

### 2 करोड़ घरों में 7 करोड़ लोगों पर सर्वे

कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग इस सर्वे को करवा रहा है। इसमें 1.75 लाख कर्मचारी शामिल होंगे, जिनमें ज्यादातर सरकारी स्कूल के टीचर होंगे, जो राज्य भर के लगभग 2 करोड़ घरों के लगभग 7 करोड़ लोगों को शामिल करेंगे। आयोग दिसंबर तक सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप सकता है। 420 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाला यह सर्वे वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा।

## महाराष्ट्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी को साड़ी पहनाई

मुंबई। महाराष्ट्र के कल्याण में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ता को साड़ी पहनाई और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की। कांग्रेस कार्यकर्ता प्रकाश पागरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साड़ी में मॉर्फ की हुई तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। इसके जवाब में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पागरे को बुलाया और उन्हें साड़ी पहनने के लिए मजबूर किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा के कल्याण जिला अध्यक्ष नंदू परब ने किया। इधर, कांग्रेस ने भाजपा की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की। कल्याण जिला कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पोते ने इसे ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया।

# अलीगढ़ में 4 दोस्तों समेत 5 की जिंदा जलकर मौत

## तेज रफ्तार सीएनजी कार का टायर फटा, डिवाइडर तोड़ते हुए कैंटर से टकराई





**अलीगढ़।** अलीगढ़ में हाईवे पर चार दोस्त समेत 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। यहां 100 की स्पीड से जा रही सीएनजी कार का अचानक टायर फट गया। इससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे साइड से जा रहे कैंटर से जा टकराई।

राहगीरों ने एक कार सवार को खींचकर बाहर निकाला। इसके बाद तेज धमाका हुआ, फिर दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे के दौरान कार में 5 लोग सवार थे। इनमें चार लोग और कैंटर चालक जिंदा जल गए। कार चला रहे लड़के का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंची। 20-25 मिनट में आग बुझाई गई। इसके बाद पुलिस ने देखा तो शवों के सिर्फ कंकाल बचे थे। बॉडी बैग में पुलिस सभी शवों को भरकर ले गई। मरने वालों में दो मौसेरे भाई थे।

पुलिस के मुताबिक, सभी कार सवार हाथरस के रहने वाले थे, जो आपस में दोस्त थे। कार एटा से अलीगढ़, जबकि कैंटर अलीगढ़ से एटा की तरफ जा रहा था। हादसा अकराबाद थाना क्षेत्र के गोपी पुल के पास मंगलवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे हुआ।

**जजों का प्रदर्शन**

**यह खतरनाक, छवि के लिए नुकसानदायक भी; जज सिस्टम बनाए, फाइलों का ढेर न लगे**

# कुछ हाईकोर्ट जजों को केस टालने की आदत : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 22 सितंबर को कहा कि कुछ हाईकोर्ट जज अपने काम को सही तरीके से पूरा नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे जजों के प्रदर्शन का मूल्यांकन होना चाहिए।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा- हम हाईकोर्ट के जजों के लिए स्कूल प्रिंसिपल की तरह बर्ताव नहीं करना चाहते, लेकिन यह जरूरी है कि हर जज के पास खुद का एक मैनेजमेंट सिस्टम हो, ताकि उनकी डेस्क पर फाइलों का ढेर न लगे।

बेंच ने कहा कि कुछ जज दिन-रात मेहनत करते हैं और केसों का बेहतरीन निपटारा कर रहे हैं, लेकिन कुछ जज ऐसे भी हैं जो किसी कारणवश काम नहीं कर पा रहे हैं। कारण अच्छे हों या बुरे, हम नहीं जानते, लेकिन यह स्थिति चिंताजनक है।

बेंच ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले में कहा गया है कि अगर कोई कोर्ट सिर्फ फैसले का ऑपरेटिव पार्ट सुनाता है, तो उसे 5 दिन के भीतर उसका कारण भी बताना होगा। जब तक सुप्रीम कोर्ट इस समय सीमा में बदलाव नहीं करता, हाईकोर्ट को इसका पालन करना होगा।

### एम करुणानिधि की मूर्ति लगाने पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि नेताओं का महिमामंडन करने के लिए जनता के पैसों का इस्तेमाल क्यों किया जाए।

राज्य सरकार पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि की मूर्ति लगाने की परमिशन के लिए याचिका लेकर पहुंची थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा- इसकी अनुमति नहीं है। आप अपने पूर्व नेताओं के महिमामंडन के लिए जनता के पैसों का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से याचिका वापस लेने और मद्रास हाईकोर्ट जाने को कहा। मद्रास हाईकोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों पर मूर्तियां लगाने पर रोक लगा दी थी। तमिलनाडु सरकार ने तिरुनेलवेली में मुख्य सड़क पर वल्लियूर डेली वेजिटेबल मार्केट के एंट्री गेट पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि की कांस्य प्रतिमा और नाम बोर्ड स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था।



# मराठवाड़ा में भारी बारिश से हाहाकार, अब तक आठ लोगों की हुई मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों में हुई भारी बारिश के कारण आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सैकड़ों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि सरकार किसानों और अन्य लोगों को राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।

### हेलीकॉप्टर और नौकाओं से भेजी जा रही मदद

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि धाराशिव जिले में 750 से अधिक मकान और 33,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर लगी फसलें नष्ट हो गई हैं।

बाढ़ में फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए हेलीकॉप्टर और नौकाओं की मदद ली जा रही है।

### 20 सितंबर से लगातार बारिश हो रही

बता दें कि मराठवाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में 20 सितंबर से लगातार बारिश हो रही है, जिससे बांध उफनाने के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

एक राजस्व अधिकारी ने बताया कि 20 सितंबर से अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक व्यक्ति की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है।

## संपादकीय

# जीएसटी : सुधार का सपना या जनता को छलने की रणनीति?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### भूमिका

भारत में 1 जुलाई 2017 को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू हुआ। सरकार ने इसे 'एक राष्ट्, एक कर' का नारा देकर देश की कर व्यवस्था में क्रांति बताया। कहा गया कि इससे कराधान सरल होगा, व्यापार सुगम बनेगा और महंगाई पर नियंत्रण होगा। लेकिन 8 साल बाद भी यही सवाल गूंज रहा है—क्या जीएसटी सचमुच सुधार था, या जनता को भ्रमित करने का एक और तरीका?

### सरकार के वादे और ज़मीनी हकीकत

जीएसटी से पहले कर ढांचा जटिल था—वैट, सर्विस टैक्स, एक्साइज, एंट्री टैक्स जैसी परतें अलग-अलग राज्यों में लागू थीं। सरकार ने दावा किया कि जीएसटी सबको मिलाकर सरल बना देगा। लेकिन वास्तविकता कुछ और रही—

- छोटे व्यापारियों को जटिल रजिस्ट्रेशन, मासिक रिटर्न और तकनीकी गड़बड़ियों का सामना करना पड़ा।
- ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों के कारोबारियों के लिए यह कर प्रणाली पहेली बन गई।
- जीएसटी नेटवर्क (GSTN) की बार-बार तकनीकी खराबी से छोटे व्यापारियों पर जुर्माना और घाटा दोनों का बोझ पड़ा।

### महंगाई और जनता पर बोझ

**सरकार ने वादा किया था कि जीएसटी से कीमतें घटेंगी। लेकिन हुआ उल्टा—**

- 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब ने 'एक कर' की बजाय कई कर पैदा कर दिए।
- ज़रूरी वस्तुओं पर पहले से अधिक टैक्स लगने से महंगाई बढ़ी।
- मध्यम और निम्न वर्ग पर सबसे बड़ा बोझ पड़ा।

यानी सरकार ने जो 'सुधार' बताया था, वही आम आदमी के लिए संकट बन गया।

### तैयारी की कमी या जल्दबाज़ी?

इतना बड़ा सुधार लागू करने से पहले व्यापारियों को पर्याप्त प्रशिक्षण और समय दिया जाना चाहिए था। लेकिन सरकार ने इसे जल्दबाज़ी में लागू कर दिया।

- कारोबारियों को नई व्यवस्था समझने का मौका ही नहीं मिला।
- छोटे व्यवसायी नुकसान झेलते रहे और कई तो कारोबार बंद करने को मजबूर हुए।
- सिस्टम की खामियों का खामियाज़ा भुगतने के बावजूद इसका ठीकरा व्यापारियों पर फोड़ा गया।

### अब आया 'दो स्लैब' का नया जुमला

अब सरकार दावा कर रही है कि जीएसटी को सरल बनाते हुए केवल दो स्लैब—5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत—में बांटा जाएगा। इसे 'महाबचत' और जनता को राहत का कदम बताया जा रहा है।

लेकिन सवाल यह है—

- क्या सचमुच ज़रूरी वस्तुएं 5 प्रतिशत स्लैब में आएँगी?
- या फिर अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं को 18 प्रतिशत पर डालकर जनता को और कर-भ्रम में फंसाया जाएगा?
- क्या यह चुनावी साल का महाभ्रम नहीं है?

जब तक स्पष्ट सूची सामने नहीं आती, 'महाबचत' केवल पोस्टरों और भाषणों का नारा लगती है।

### लाभ किसके लिए और कब तक?

सरकार का तर्क है कि लंबे समय में जीएसटी से पारदर्शिता और कर संग्रह बढ़ेगा। लेकिन जनता का सवाल है—इसका फायदा आम आदमी को कब मिलेगा?

- अभी तक जनता ने राहत नहीं, केवल महंगाई और जटिलता देखी है।
- व्यापारियों ने इसे झटका कहा है, जबकि सरकार अब भी इसे सुधार बताती है।

### निष्कर्ष: सुधार या छलावा?

जीएसटी का विचार बुरा नहीं था—'एक राष्ट्र, एक कर' सचमुच भारतीय कर ढांचे को सरल बना सकता था। लेकिन जल्दबाज़ी, तैयारी की कमी, और जटिल स्लैब ने इसे जनता के लिए समस्या बना दिया।

आज जब सरकार 'दो स्लैब' की बात कर रही है और इसे 'महाबचत' बताती है, तो जनता को सावधान रहना होगा। क्योंकि इतिहास गवाह है—

जब-जब सरकार ने 'सुधार' का नाम लेकर जनता को सपने दिखाए, हकीकत में आम आदमी पर बोझ ही बढ़ा।

### इसलिए यह सवाल पूरी तरह जायज़ है—

क्या जीएसटी सचमुच सुधार था, या सिर्फ़ जनता को छलने का एक सुनियोजित तरीका?




# युद्ध-आतंक के दौर में शांति के लिये भारत की पुकार

ललित गर्ग




आज विज्ञान और तकनीक ने मानव को अभूतपूर्व शक्ति और संसाधन दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही भय, हिंसा, तनाव और असुरक्षा भी बढ़ी है। परमाणु हथियारों की दौड़ ने धरती को विनाश के कगार पर ला खड़ा किया है। आर्थिक असमानताएँ और संसाधनों की होड़ युद्धों और संघर्षों को जन्म दे रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस, जिसे प्रतिवर्ष 21 सितंबर को मनाया जाता है, आज के समय की सबसे बड़ी मानवीय आवश्यकता की याद दिलाता है। जब पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, जलवायु संकट और असमानताओं के दौर से गुजर रही हो, तब शांति का महत्व केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार बन जाता है। इतिहास गवाह है कि युद्धों ने मानव सभ्यता को केवल विनाश ही दिया है। दो विश्वयुद्धों में करोड़ों लोगों की जान गई, असंख्य परिवार उजड़ गए और सभ्यता के सपनों पर गहरी चोट लगी। आज भी यूक्रेन से लेकर सीरिया, अफगानिस्तान और अफ्रीका तक की धरती पर संघर्ष और आतंकवाद की आग धधक रही है। निर्दोष नागरिक, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक पीड़ा झेल रहे हैं। शरणार्थियों की भीड़, विस्थापितों के आँसू और टूटे हुए घर-परिवार इस बात का सबूत हैं कि युद्ध और आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि और बड़ी समस्या पैदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना ही इसी उद्देश्य से हुई थी कि विश्व में शांति और सहयोग कायम हो। इसी क्रम में 1981 में महासभा ने 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस घोषित किया, ताकि पूरी दुनिया को यह याद दिलाया जा सके कि युद्धविराम, संवाद और अहिंसा ही मानव सभ्यता की रक्षा कर सकते हैं। इस दिन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शांति की घंटी बजाई जाती है, जो यह प्रतीक है कि जब तक धरती पर शांति नहीं होगी, तब तक जीवन सुरक्षित नहीं हो सकता।

आज विज्ञान और तकनीक ने मानव को अभूतपूर्व शक्ति और संसाधन दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही भय, हिंसा, तनाव और असुरक्षा भी बढ़ी है। परमाणु हथियारों की दौड़ ने धरती को विनाश के कगार पर ला खड़ा किया है। आर्थिक असमानताएँ और संसाधनों की होड़ युद्धों और संघर्षों को जन्म दे रही हैं। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट नए विवादों एवं संकटों को जन्म दे रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि एक चेतावनी और आह्वान है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम हिंसा और युद्ध की संस्कृति से ऊपर उठकर शांति, संवाद और सहयोग की संस्कृति को स्थापित कर सकते हैं, क्या हम धर्म, जाति और राजनीति की संकीर्णताओं से निकलकर एक वैश्विक परिवार के रूप में जी सकते हैं, क्या हम शिक्षा, करुणा और अहिंसा को अपने जीवन और समाज का आधार बना सकते हैं।

विश्व शांति की दिशा में भारत का योगदान हमेशा से उल्लेखनीय रहा है और वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार वसुधैव कुटुंबकम् और एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश देकर मानवता को एक साझा परिवार के रूप में देखने की दृष्टि दी है। संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे वैश्विक मंचों पर मोदी ने संवाद, कूटनीति, अहिंसा और सहअस्तित्व को संघर्ष और युद्ध से बेहतर विकल्प बताया है। भारत के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शांति और सतत विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी गई। आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग, योग को विश्व स्तर पर शांति और मानसिक संतुलन का साधन बनाना, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन दुनियाभर विश्व अहिंसा दिवस मनाने जैसे प्रयास भी विश्व शांति को दीर्घकालिक आधार प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि शांति केवल संघर्षों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सहयोग की उपस्थिति है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व को न केवल आर्थिक और राजनीतिक सहयोग दे रहा है, बल्कि नैतिकता, अहिंसा, योग और सांस्कृतिक रूप से भी शांति की राह दिखा रहा है।


महात्मा गांधी ने कहा था-शांति का कोई रास्ता नहीं, शांति ही रास्ता है। गांधी का यह विचार आज और भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। नेल्सन मंडेला ने भी कहा था-शांति का निर्माण हथियारों से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और मेल-जोल से होता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस बार-बार यह चेतावनी देते रहे हैं कि दुनिया को हथियारों की नहीं, बल्कि कूटनीति और संवाद की आवश्यकता है। शांति केवल एक आदर्श नहीं, यह सभी के जीवन और विकास का अधिकार है। महात्मा गांधी ने जिस अहिंसा और सत्याग्रह का मार्ग दिखाया, वह आज भी वैश्विक शांति की सबसे बड़ी आशा है। स्वामी विवेकानंद ने भी विश्व धर्म महासभा में यह संदेश दिया था कि समस्त धर्म मानवता को जोड़ने के लिए हैं, बाँटने के लिए नहीं। आज संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भारत की भूमिका सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण है, भारतीय सैनिक और अधिकारी अनेक देशों में जाकर शांति स्थापना के मिशनों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। भारत ने न केवल सिद्धांतों से बल्कि व्यवहार में भी यह दिखाया है कि शांति उसका मूल आदर्श है। इन विचारों और योगदानों की गूंज आज के समय में हमें सचेत करती है। अगर मानवता को बचाना है तो युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को छोड़कर केवल शांति को अपनाना होगा। जब व्यक्ति, समाज और राष्ट्र स्तर पर शांति की चेतना जागेगी तभी सभ्यता का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस हमें यही प्रेरणा देता है कि हम सहअस्तित्व, करुणा और संवाद की राह पर चलें और पूरी दुनिया को भय और हिंसा से मुक्त करके एक शांति और समरसता से भरा वैश्विक परिवार बनाएं।

संघर्ष की अग्रिम पंक्तियों पर तैनात शांति सैनिकों से लेकर समुदाय के सदस्यों और दुनिया भर के कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों तक, हर किसी की शांतिपूर्ण विश्व संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें हिंसा, नफ़रत, भेदभाव और असमानता के खिलाफ़ आवाज़ उठानी होगी; सह-अस्तित्व का अभ्यास करना होगा; और अपनी दुनिया की विविधता को अपनाना होगा। शांति-स्थापना की कार्रवाई करने के कई तरीके हैं। समझदारी, अहिंसा और निरस्त्रीकरण की तत्काल आवश्यकता के बारे में बातचीत शुरू करें। अपने समुदाय में स्वयंसेवा करें, अपनी आवाज़ से अलग आवाज़ों को सुनें, अपने कार्यस्थल पर भेदभावपूर्ण भाषा एवं व्यवहार को चुनौती दें, ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों तरह से अशांति फैलाने वालों की रिपोर्ट करें, और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले तथ्यों की पुष्टि ज़रूर करें। आप अपनी पसंद के बारे में भी बता सकते हैं, सामाजिक रूप से जागरूक ब्रांडों से सामान खरीदने का विकल्प चुन सकते हैं, या स्थिरता और मानव अधिकारों को बढ़ावा देने वाले संगठनों को दान दे सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकारों को आगे बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से लड़ने, तथा संघर्ष को रोकने और उसका जवाब देने के लिए वैश्विक प्रयासों का नेतृत्व करता है। वह शांति निर्माण आयोग के माध्यम से, जो 2025 में अपनी बीसवीं वर्षगांठ मना रहा है, गरीबी, असमानता, भेदभाव और अन्याय- हिंसा के सभी संभावित कारणों को दूर करने के लिए कार्य करता है। अपने 17 सतत विकास लक्ष्यों के माध्यम से , संयुक्त राष्ट्र समृद्धि बढ़ाने, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को बेहतर बनाने, और सभी प्रकार के भेदभाव और अन्याय को समाप्त करने के देशों के प्रयासों का समर्थन करता है। संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिक दुनिया भर में कठिन और खतरनाक परिस्थितियों में काम करते हैं और सभी को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करते हैं। तथा हाल ही में अपनाए गए भविष्य के लिए समझौते में, संयुक्त राष्ट्र ने उभरती चुनौतियों और अवसरों - जैसे कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का समाधान करने तथा भावी पीढ़ियों की सक्रिय भागीदारी का समर्थन करने का वादा किया है। संयुक्त राष्ट्र के एक्टनाउ अभियान ने दुनिया भर के लाखों लोगों को उन मुद्दों को चुनने, उन पर कार्रवाई करने और उनके प्रभाव को ट्रैक करने में मदद की है जो उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। शांति स्थापना के कार्य शब्दों से अधिक जन-जीवन में जोर से गूंजें।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3660




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3659 का हल



## लॉफिंग जोक्स

न्यायाधीश (एक बूढ़े चोर से)- तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुमने दिनदहाड़े चोरी की? तुम्हे पकड़े जाने जरा भी डर नहीं लगा।

कटघरे में खड़ा बूढ़ा चोर बोला- क्या करूँ सरकार! आजकल मुझे रात में बहुत नींद आती है, इसलिए मैंने दिन में दिनदहाड़े चोरी कर ली।

□ □ □

पुलिस इंस्पेक्टर (रमन से)- नालायक...! तुम इते गिरे हुए हो कि केवल पाँच सौ रुपए के लिए इस बुजुर्ग व्यक्ति का सिर फोड़ दिया?

रमन हवलदार- और क्या करता साहब... मजबूरी है! ऐसे ही तो बूँद-बूँद से घड़ा भरता है हुजूर।

□ □ □

न्यूक्लियर फैमिली में रहने वाला चंपू अपने पिता से बोलता है, पापा-पापा मैं भी अपनी शादी में आइटम गर्ल को डाँस करवाऊँगा।


पापा- बेवकूफ क्या बकता है, यह तमाशा किस गधे की शादी में देख लिया?

चंपू- आपकी शादी के वीडियो में।

पापा- अबे नालायक अपनी मौसी और बुआ को नहीं पहचानता!!

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3660



### बायें से दायें:-

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरूख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगूं ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३

### ऊपर से नीचे:-

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरूद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस सो पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरूदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरूख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3659



## सूडोकु -3660

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3659 का हल



## शब्द पहेली - 3660



### बाएँ से दाएँ

1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

### ऊपर से नीचे

1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली -3659 का हल



# गांव गनौली ने मनाया 651वां स्थापना दिवस , ग्राम पाठशाला बनी प्रेरणा







## सैनिकों और अधिकारियों को मिला सम्मान

संवाददाता विशाल इंडिया

**गाजियाबाद।** ऐतिहासिक गांव गनौली का 651वां स्थापना दिवस इस वर्ष भव्यता और गरिमा के साथ मनाया गया।

गांव की चौपाल और समारोह स्थल पर सैकड़ों ग्रामीण और विभिन्न क्षेत्रों से आए मेहमान जुटे। पूरे गांव में उत्सव और जोश का माहौल रहा और गनौली की गौरवशाली परंपरा को नमन किया गया।

### ग्राम पाठशाला बनी पहचान

समारोह का मुख्य आकर्षण रही गांव के युवाओं की पहल ग्राम पाठशाला, जिसने आज पूरे देश में शिक्षा और जागरूकता की नई मिसाल कायम की है।

ग्राम पाठशाला से जुड़े युवाओं को मंच पर सम्मानित किया गया और उनके प्रयासों को गांव का गौरव बताया गया।

### विशिष्ट अतिथि एवं बुजुर्गों का सम्मान

मंच पर मौजूद अतिथियों और गांव के बुजुर्गों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल रहे –

- सुनीता बैसला (आईआरएस अधिकारी)
- अतुल प्रधान (विधायक, समाजवादी पार्टी)
- विजय पाल कसाना
- सूबेदार जिले सिंह
- हरेराम बैसला (कुशक बड़ोली)
- धनसिंह बैसला, सुनील बैसला, विनोद बैसला, जगत बैसला (कुशक बड़ोली से)
- बाबा गोपी बैसला, बाबा बुध राम बैसला, राजेश बैसला, कर्म सिंह बैसला (ग्राम गनौली से)
- जितेन्द्र बैसला (रामबाण कोचिंग सेंटर)
- मानसिंह दरोगा, सुखबीर दरोगा, मेनपाल बैसला
- अमित प्रधान (चूड़ियाला), मास्टर करतार बैसला, रणवीर बैसला
- लालबाहर (डीएसपी, दिल्ली पुलिस एवं मानव अधिकार आयोग)
- बॉबी बैसला (पीएससी ऑल इंडिया रैंक 1)
- नागेंद्र (मेराथन दौड़ गोल्ड मेडल विजेता)
- संजय बैसला (पिस्टल शूटिंग, लंदन गोल्ड मेडल विजेता)
- रामसिंह दरोगा
- श्री कंवर बैसला भगत (सरोली)
- परशुराम पंडित, बलराम बैसला (नरोली)
- राजकुमार बैसला (ठेकेदार), पेमी बैसला, बिजेन्द्र महाशय, राजसिंह महाशय

इन सभी गणमान्य व्यक्तियों और बुजुर्गों का ग्रामीणों ने फूलमालाओं और जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया।

### सैनिकों और अधिकारियों का सम्मान

गांव के सभी भूतपूर्व सैनिकों, वर्तमान सैनिकों, दिल्ली पुलिस के अधिकारियों और एडवोकेट्स को भी मंच से सम्मानित किया गया।

### इस अवसर पर विशेष रूप से

- विनोद कुमार (एसआई, दिल्ली पुलिस)
- देवेंद्र कुमार (दिल्ली पुलिस, मीडिया सेल)
- सूबेदार जिले सिंह (भारतीय सेना)
- गजराज सिंह (इंजीनियर)
- दीपक (रेलवे विभाग)
- अनिल मास्टर (शिक्षा विभाग)
- जितेन्द्र चौधरी (वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक)
- जितेन्द्र बैसला (युवा मार्गदर्शक, जिनकी मेहनत से कई युवाओं ने सफलता पाई)

को भी सम्मानित किया गया।

### आयोजन और केंद्रीय भूमिका

इस ऐतिहासिक आयोजन का संचालन हातम प्रधान के नेतृत्व में हुआ, जबकि संजय बैसला ने पूरे कार्यक्रम में केंद्रीय भूमिका निभाई।
मंच से गूंजे जोशीले नारे, कविताएँ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ उत्सव को और अधिक यादगार बनाती रहीं।

### गनौली का सामूहिक संकल्प

समारोह का समापन इस सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि —

- गनौली को शिक्षा, भाईचारे और आत्मसम्मान का प्रतीक बनाया जाएगा।
- हर घर तक ग्राम पाठशाला की मशाल पहुँचेगी।
- और आने वाले समय में गनौली पूरे प्रदेश का आदर्श गांव बनेगा।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों का अपर मुख्य सचिव एवं डीजीपी ने लिया जायजा

## जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ तैयारियों की, की समीक्षा बैठक

**गौतम बुद्ध नगर।** माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संकल्प समृद्ध एवं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश को साकार करने के उद्देश्य से आगामी 25 से 29 सितंबर तक इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में भव्य यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं प्राधिकरण द्वारा तैयारियों को युद्धस्तर पर अंतिम रूप दिया जा रहा है।



इसी क्रम में आज उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार एवं पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने इंडिया एक्सपो मार्ट का दौरा कर तैयारियों का गहन स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है और यह जनपद गौतम बुद्ध नगर के लिए गौरव का विषय है कि इतना भव्य एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम यहां आयोजित होने जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आयोजन में देश-विदेश से वीवीआईपी, निवेशक, उद्यमी एवं एंटरप्रेन्योर शामिल होंगे। ऐसे में प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस अधिकारीगण पूर्ण समन्वय स्थापित कर सुरक्षा, आतिथ्य, स्वास्थ्य, परिवहन एवं सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल व्यापार और निवेश का ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, आतिथ्य परंपरा और विकासशील छवि को विश्व पटल पर स्थापित करने का भी है।

इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि यहां आने वाले अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा वे इस आयोजन के समापन पर प्रदेश के प्रति सकारात्मक संदेश लेकर जाएं।

# ग्रेटर नोएडा में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना जारी



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रौनीजा गांव में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को भी जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज और अध्यक्ष मनवीर सिंह के नेतृत्व में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं।

किसानों ने यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पिछले दो महीने से शांतिपूर्ण आंदोलन चल रहा है। इसके बावजूद प्राधिकरण के अधिकारी उनकी समस्याएं सुनने को तैयार नहीं हैं।

प्रदर्शनकारी किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाएगा, धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण आंदोलन को और तेज किया जा सकता है।

# सन वर्ड सोसाइटी के दूसरे फ्लोर पर स्थित फ्लैट में लगी आग, सामान जलकर हुआ खाक

**नोएडा। वकार सैफी।** कोतवाली सेक्टर-39 इलाके के स्थित सेक्टर 107 के सन वर्ड सोसाइटी में एक फ्लैट में आग लग गई, आग सेकेंड फ्लोर पर लगी थी, दमकल की 4 गाड़ियों ने 40 घंटे के भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं, किसी को कोई इंजरी नहीं हुई है। लेकिन फ्लैट पूरी तरह जल कर खाक हो गया आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।



बता दे कि फ्लैट में भीषण आग नोएडा के सेक्टर 107 स्थित सन वर्ड सोसाइटी में के 2 फ्लोर पर स्थित फ्लैट 201 में लगी है। आग सुबह दोपहर 2 बजे के करीब यह आग लगी। धुंआ उठते देख मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची। लेकिन 4 गाड़ियों मदद 40 मिनट में आग पर काबू पाया। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सन वर्ड सोसाइटी में मंगलवार दोपहर में 2 बजकर 45 मिनट पर टावर नंबर 11 के फ्लैट नंबर 201 में आग लगने की सूचना मिली थी। शुरुआती दौर में बताया था कि तीन चार फ्लैट में आग लगी है। इसलिए पहले 6 गड़िया भेजी गई थी लेकिन जब मौके पर पहुंचे तो पता चला कि एक फ्लैट में आग लगी है, जिसके बाद मौके पर जाकर आग को बुझाया गया। घर के अंदर सामान जलने से काला धुआं निकल रहा था। आसपास के फ्लोर को खाली करा लिया गया है। किसी को कोई इंजरी नहीं हुई है।

# ग्रेटर नोएडा में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की तैयारी

**दादरी।** ग्रेटर नोएडा में विद्युत विभाग ने अनुरक्षण माह के तहत एलटी लाइनों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। विभाग का मुख्य लक्ष्य आगामी त्योहारों के दौरान उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है। विद्युत निगम ने अक्टूबर को अनुरक्षण माह घोषित किया है। इस दौरान जिले के सभी विद्युत वितरण खंडों में मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं। विभाग पुराने और खराब उपकरणों व तारों को नए से बदल रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस कार्य से आपूर्ति व्यवस्था में सुधार होगा। त्योहारों के समय बिजली कटौती की समस्या नहीं आएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से मरम्मत कार्य के दौरान सहयोग की अपील की है। यह अभियान जिले के विभिन्न गांवों में चलाया जा रहा है। इससे न केवल त्योहारों के दौरान, बल्कि लंबे समय तक उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। विभाग का प्रयास है कि त्योहारी सीजन में कोई भी उपभोक्ता बिजली की समस्या से परेशान न हो।

## धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा करने का आरोप

ग्रेटर नोएडा। कंपनी के निदेशक ने चार लोगों पर धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से जमीन बेचने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कंपनी के निदेशक पवन कुमार ने न्यायालय को बताया कि नोएडा के नगला नगली गांव में उनकी जमीन है। उनका आरोप है कि करतार सिंह, हृदय पाल सिंह, वीणा और रामबली ने धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कर लिया।

# ई-कोर्ट्स : यूपी-रेरा की पहल ने दिलाया उपभोक्ताओं को न्याय का भरोसा

जितेन्द्र चौधरी (प्रधान संपादक)

विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

लोकतंत्र की असली शक्ति जनता का भरोसा है। जब उपभोक्ता किसी व्यवस्था के सामने अपनी शिकायत दर्ज करता है, तो उसका सबसे बड़ा सवाल यही होता है—क्या मुझे समय पर न्याय मिलेगा? उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी-रेरा) ने इस सवाल का जवाब दिया है—डिजिटल न्याय व्यवस्था, यानी ई-कोर्ट्स के रूप में।

फरवरी 2020 में जब यूपी-रेरा ने ई-कोर्ट्स की शुरुआत की, तब यह केवल एक प्रयोग नहीं था, बल्कि एक ऐतिहासिक पहल थी। आज परिणाम सामने हैं—58,793 उपभोक्ता शिकायतें, जिनमें से 35,424 से अधिक मामलों का निस्तारण हो चुका है। इतना ही नहीं, आदेशों के कियान्वयन (Execution) में भी 75 प्रतिशत सफलता इस बात का सबूत है कि यह व्यवस्था केवल कागज़ों पर नहीं, बल्कि ज़मीन पर असर डाल रही है?।




### न्याय की राह आसान हुई

ई-कोर्ट्स ने उपभोक्ताओं के लिए वह रास्ता खोला है जो पहले मुश्किलों से भरा था। अब शिकायत दर्ज करना, दस्तावेज़ अपलोड करना, सुनवाई में शामिल होना और आदेश लागू कराना—सब कुछ ऑनलाइन संभव है।

- दूरदराज़ के लोग अब लखनऊ या गौतमबुद्ध नगर दफ़्तरों के चक्कर नहीं काटते।
- विदेश में रहने वाले आवंटी भी वर्चुअल सुनवाई से जुड़कर अपनी बात रख पा रहे हैं।
- दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को भी इससे बड़ी राहत मिली है।

कोविड-19 के दौरान जब पूरा देश ठहर गया था, यूपी-रेरा ने ई-कोर्ट्स के ज़रिए न्याय की गाड़ी को चलते रहने दिया। 16,549 शिकायतें दर्ज हुईं और 9,356 मामलों का निस्तारण उसी कठिन दौर में किया गया ।

### पारदर्शिता और जवाबदेही

डिजिटल सिस्टम ने पारदर्शिता को नया आयाम दिया है।

- अगली तारीख और वर्चुअल लिंक की जानकारी स्स्र और ई-मेल से सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचती है।
- रिकॉर्ड सुरक्षित रहते हैं और आदेशों की कॉपी तुरंत पोर्टल पर उपलब्ध हो जाती है।
- सबसे अहम बात—अब उपभोक्ता को यह अहसास होता है कि उसका मामला सुना जा रहा है और उसका आदेश लागू हो रहा है।

### यूपी-रेरा अध्यक्ष का दृष्टिकोण

**अध्यक्ष संजय भूषण का कहना है—** 'ई-कोर्ट्स ने उपभोक्ता को न्याय का भरोसा दिया है। अमेरिका, मिडिल ईस्ट और एशिया से बड़ी संख्या में आवंटी वर्चुअली जुड़ रहे हैं। अब पोर्टल का Version 2.0 लाया जा रहा है, जिससे यह व्यवस्था और बेहतर होगी।' ?

### निष्कर्ष

यूपी-रेरा का यह कदम केवल रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के न्याय तंत्र के लिए प्रेरणा है। यह उदाहरण है कि तकनीक का सही इस्तेमाल जनता को कितना सशक्त बना सकता है। अगर ई-कोर्ट्स जैसे प्रयोग अन्य क्षेत्रों में भी व्यापक रूप से लागू हों, तो भारत का न्याय तंत्र न केवल तेज़ होगा, बल्कि पारदर्शी और विश्वसनीय भी बनेगा।

# शार्ट न्यूज

## वीवीआईपी सुरक्षा के लिए ड्रोन पर लगाया बैन

**नोएडा।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। सीएम उनके साथ मौजूद रहेंगे। 25 सितंबर को सुबह करीब नौ बजे उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान वीवीआईपी सुरक्षा के मद्देनजर गौतमबुद्धनगर क्षेत्र में ड्रोन, गुब्बारे, रिमोट संचालित माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर आदि के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। ये प्रतिबंध 24 सितंबर की रात 12 बजे से लागू रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले कल सीएम योगी आदित्यनाथ एक्सपो सेंटर में तैयारियों का जाएजा लेने के लिए आएंगे। वो यहां शाम साढ़े पांच बजे जीबीयू के हेलीपेड पर आएंगे। इसके बाद सीधे पौने छह बजे तक एक्सपो मार्ट पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले स्थलीय निरीक्षण करेंगे। स्थलीय निरीक्षण के बाद जीबी वापस आएंगे। यही रात में विश्राम करने के बाद 25 सितंबर को सुबह साढ़े 8 बजे एक्सपो मार्ट पहुंचेंगे। 9 बजे के आसपास पीएम मोदी एक्सपो मार्ट पहुंचेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वहां से लखनऊ लौटेंगे।

## गौतमबुद्ध नगर में खाद्य विभाग की छापेमारी

**गौतम बुद्ध नगर।** नवरात्रि के पहले दिन गौतमबुद्ध नगर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने व्यापक अभियान चलाया। जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर विभाग की टीमों ने कई इलाकों में छापेमारी की। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा के अनुसार, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सेक्टर-62 की आनंद डेयरी से भैंस का दूध और डबल टोंड दूध के नमूने लिए। इंपीरियल स्पाइसेज रेस्टोरेंट से टोमैटो ग्रेवी और पनीर के नमूने संग्रहित किए गए। दादरी की सिंघल बेकरी से पाइनएपल केक का नमूना लिया गया। बिसरख के सुपरटेक इको विलेज स्थित स्टोर से कुट्टू आटे का नमूना एकत्र किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविन्द्र नाथ वर्मा ने जेवर चौराहे की एक मिठाई की दुकान से सोन पापड़ी का नमूना लिया। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि त्योहारी सीजन में लोगों को मिलावटरहित और मानक अनुरूप खाद्य सामग्री मिले, इसके लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## गौतमबुद्धनगर में आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती

**नोएडा ( गौतम बुद्ध नगर )।** गौतमबुद्धनगर जिले में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती शुरू की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिले के विभिन्न ब्लॉकों में कुल 90 रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया चल रही है। जिले में दादरी ब्लॉक में सबसे अधिक 50 पद रिक्त हैं। दनकौर में 25, बिसरख में 9 और जेवर में 6 पदों पर भर्तियां की जाएंगी। इच्छुक उम्मीदवार अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, गौतमबुद्धनगर से संपर्क कर सकते हैं। आवेदन से जुड़ी सभी जानकारी NIC गौतमबुद्धनगर की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इन भर्तियों से जिले की ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## गिरधरपुर में कूड़े का ढेर, लोग परेशान

**नोएडा ( गौतम बुद्ध नगर )।** गिरधरपुर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की कमी से स्थानीय निवासी परेशान हैं। क्षेत्र की हरियाली के बीच कूड़े के ढेर दिख रहे हैं। खाली प्लॉट कूड़ेदान में तब्दील हो गए हैं। स्थानीय निवासी काजल ने बताया कि सरकारी कूड़ा वाहन की सुविधा नहीं है। लोगों के पास घरेलू कचरा निपटाने का कोई विकल्प नहीं है। इससे मक्खियों और मच्छरों की संख्या बढ़ी है। डेंगू, मलेरिया और बुखार का खतरा मंडरा रहा है। कृष्ण लोक कॉलोनी के निखिल कुमार और ऋतु राज के घर के सामने कूड़ा फेंका जा रहा है। शिकायत के बावजूद समस्या जारी है। इस मुद्दे पर कई बार विवाद भी हुए हैं। रंजीत वाटिक के निवासी राजचंद्र जी ने बताया कि उनके घर के बगल के खाली प्लॉट में कूड़ा फेंका जाता है। इससे बदबू फैलती है। लोगों ने क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से समस्या के तत्काल समाधान की मांग की है।

## यूपी में जल प्रबंधन की नई तकनीके

**नोएडा ( गौतम बुद्ध नगर )।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 का आयोजन होगा। इस शो में जल शक्ति मंत्रालय 496 वर्ग मीटर क्षेत्र में विशेष प्रदर्शनी लगा रहा है। यह प्रदर्शनी हॉल नंबर 7 में स्थित होगी। प्रदर्शनी में हर घर जल, नमामि गंगे, जल जीवन मिशन और अमृत 2.0 जैसी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण की नई तकनीकें भी प्रदर्शित की जाएंगी। दर्शक 3डी मॉडल और डिजिटल प्रजेंटेशन के जरिए इन योजनाओं को समझ सकेंगे। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है। प्रदर्शनी में स्टार्टअप्स, शोध संस्थान और जल क्षेत्र में काम करने वाली निजी कंपनियां भी हिस्सा लेंगी।

## गौड़ सिटी सोसायटी में चोरी का प्रयास



**नोएडा ( गौतम बुद्ध नगर )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौड़ सिटी सोसायटी के सातवें एवेन्यू में एक चिंताजनक घटना सामने आई है। सोसायटी में सफाई का काम करने वाले दो व्यक्तियों ने डुप्लीकेट चाबी से एक बंद फ्लैट को खोलने का प्रयास किया। यह घटना सोसायटी के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। फ्लैट के मालिक ने बताया कि आरोपियों ने उनके फ्लैट का ताला खोलने की कोशिश की। हालांकि वे इसमें सफल नहीं हो पाए। इस घटना ने सोसायटी के निवासियों में सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा कर दी है। पीड़ित ने अन्य निवासियों से अपील की है कि यदि कोई इन दोनों व्यक्तियों की पहचान के बारे में जानता है, तो वह जानकारी साझा करे। थाना बिसरख पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## निक्की हत्याकांड में मिला पुलिस को गुम मोबाइल

**नोएडा।** निक्की हत्याकांड की जांच कर रही कासना पुलिस को निक्की का गुम हुआ मोबाइल मिला है। मोबाइल रुपबांस गांव में निक्की के परिजनों के पास से मिला। ये मोबाइल घटना के बाद से गायब था। जिसको लेकर तमाम अटकले लगाई जा रही थी। विपिन के परिजनों ने कहा था कि निक्की की बहन कंचन अपने साथ मोबाइल लेकर गई है। मोबाइल की तकनीकी जांच की जा रही है। हालांकि प्राथमिक जांच में मोबाइल से घटना से संबंधित कोई तथ्य नहीं मिला है। इसलिए डेटा रिकवर करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस जांच कर रही है मोबाइल वहां पहुंचा कैसे। पहले निक्की के परिजनों से मोबाइल होने की बात से साफ इनकार कर दिया था। इसके अलावा विपिन के मोबाइल के डेटा भी रिकवर कर लिया गया है। इसमें कुछ संदिग्ध चैट मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस जल्द ही इस मामले में चार्ज शीट भी फाइल करने जा रही है। एसीपी ग्रेटरनोएडा अरविंद कुमार ने बताया कि मामले में साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। जल्द चार्जशीट फाइल की जाएगी। विपिन के परिजनों से बताया था कि जिस समय घटना हुई उस समय विपिन घर के नीचे कार धोने की तैयारी कर रहा था।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

## आयुर्वेद को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का जिलाधिकारी ने किया आह्वान





पीलीभीत। आयुर्वेदिक कॉलेज सभागार में मंगलवार को दसवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जो आज भी उतनी ही प्रभावी और प्रासंगिक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आयुर्वेद को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और स्वस्थ जीवन के लिए प्राकृतिक पद्धतियों को अपनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाला समय आयुर्वेद का है।

आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुदीप सहाय बेदार ने आयुर्वेद दिवस के इतिहास और महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही सरकार द्वारा आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए रोडमैप की रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी की ओर से खकरा चौकी के पास निश्शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।

इसमें लगभग 250 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श और आवश्यक जांच की गई। जनपद के सभी आयुर्वेदिक चिकित्सालयों पर भी आयुर्वेद दिवस धूमधाम से मनाया गया। गांव-गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद यूनानी अधिकारी डॉ. भारत ज्योति, फार्मेसी अधीक्षक डॉ. प्रकाश चंद्र, चिकित्साधिकारी, योग प्रशिक्षक, कॉलेज स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# एसडीएम सदर ने तड़प रहे गोवंश का कराया इलाज

**पूनम तिवारी विशाल इण्डिया**



**अंबेडकरनगर।** योगी सरकार भले ही गो वंशों की रक्षा के लिए तमाम दावे करती हो लेकिन अकबरपुर नगर पालिका की लापरवाही ने इसकी कलई खोल कर रख दी है... अकबरपुर अयोध्या रोड पर सरदार पैट्रोल पंप के निकट एक गोवंश पिछले दो दिनों से किसी वाहन की टक्कर से घायल होकर तड़प रहा है स्थानीय नागरिकों ने इसकी सूचना नगर पालिका के अधिकारियों कर्मचारियों को दी लेकिन कोई उसकी सुध लेने की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है घायल अवस्था में पड़े गोवंश को कौवे व कुत्ते नोच रहे हैं।

लेकिन नगर पालिका की टीम उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाकर उपचार करने की जरूरत नहीं महसूस कर रही है इससे स्थानीय नागरिकों में आक्रोश का भी माहौल था वहीं एसडीएम सदर प्रतीक्षा सिंह ने मामले की जानकारी होते ही चिकित्सक को भेज कर को गोवंश का ठीक ढंग से उपचार कराया।

उनके द्वारा की गई पहल बेजुबानों के लिए मानवीयता का चेहरा पेश करने की मिसाल बन गई है जो चर्चा का विषय है।

# शार्ट न्यूज़

## पीलीभीत पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर कार्यशाला आयोजित

### दिव्यांगजन से संवाद के लिए पुलिसकर्मी हुए प्रशिक्षित



**पीलीभीत।** अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर मंगलवार को पुलिस लाइन में एक दिवसीय सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और बधिर जनों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना तथा पुलिसकर्मियों को और अधिक संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण बनाना रहा। कार्यशाला में रिक्रूट आरक्षी, मुख्य आरक्षी और उपनिरीक्षक स्तर के पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान बधिर कल्याण संस्था पीलीभीत के प्रतिनिधियों ने पुलिसकर्मियों को सांकेतिक भाषा की बारीकियों की जानकारी दी। बताया गया कि इस तरह का प्रशिक्षण दिव्यांगजन से जुड़े प्रकरणों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण में सहायक होगा। कार्यशाला के दौरान प्रतिसार निरीक्षक संतोष कुमार राघव सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## किसान गोष्ठी में गिनाई खूबियां, बताए टिप्स

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**




**अंबेडकर नगर।** मंगलवार को जनपद अम्बेडकर नगर के जहांगीर गंज ब्लॉक के बी पैक्स ठेंगीप्रतापपुर समिति पर समिति के अध्यक्ष श्री राधे मोहन शुक्ला के अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय किसान सभा का आयोजन किया गया।जिसमें इफको के वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक डॉ. देवी प्रसाद,कृषि विभाग के तकनीकी सहायक रितेश,बी पैक्स ठेंगीप्रताप पुर केंद्र प्रभारी रजनीश राय, एस0एफ0ए0 राहुल कुमार तथा एस0एफ0ए0 हॉटस्पॉट अभय वर्मा एवं प्रगति शील किसान संतोष सिंह सहित लगभग 70 किसान उपस्थित हुए। इफको के वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक डॉ. देवी प्रसाद के द्वारा नैनो यूरिया प्लस,नैनो डी ए पी, नैनो जिंक एवं नैनो कापर के बारे में बिस्तार पूर्वक बताया गया।भय वर्मा एसएफए (हॉटस्पॉट) द्वारा मृदा परीक्षण से होने वाले लाभ एवं घुलनशील उर्वरक के बारे में बताया तथा राहुल कुमार एसएफए के द्वारा बायो फर्टिलाइजर एवं बायोडिकंपोजर के बारे में उपस्थित किसानों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 404 लीटर शराब बरामद 6700 लहन किया नष्ट



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम चीरा में, थाना पूराकलां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम उगरपुरा, थाना मड़ावरा क्षेत्रान्तर्ग ग्राम तिसगना, आदि में दबिश के दौरान 404 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर मौके पर करीब 6700 लीटर लहन नष्ट कर, 13 अभियुक्तों को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही गई ।

## अमरोहा की केमिकल फैक्ट्री में गैस रिसाव

**अमरोहा।** अमरोहा से बड़ी खबर है। सोमवार देर रात यहां गजरौला की वेस्ट क्रॉप प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में गैस रिसाव शुरू हो गया। कर्मचारी डरकर भागे। देखते ही देखते गजरौला की सड़कों पर धुआं फैल गया। शहरभर में अफरा-तफरी मच गई। लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। गले और आंखों में जलन होने लगी। आनन-फानन में लोग अपने-अपने घरों से निकलकर सड़क पर जमा हो गए। पुलिस-फायर ब्रिगेड को मामले की जानकारी दी। फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर मौजूद है और गैस रिसाव को बंद करने की कोशिश कर रही है। जानकारी के अनुसार, इंडस्ट्रियल एरिया गजरौला में वेस्ट क्रॉप प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। यहां पेस्टिसाइड्स बनाए जाते हैं। रात साढ़े 10 बजे के आसपास फैक्ट्री में गैर रिसाव होने लगा। यह देख कंपनी में शाम की शिफ्ट में काम कर रहे अधिकारी और कर्मचारी डर गए। कंपनी की फायर ब्रिगेड टीम गैस रिसाव को रोकने में जुट गई, लेकिन सफलता नहीं मिली।

## 4 साल के बच्चे को दबोचकर भागा भेड़िया

**बहराइच।** यूपी के बहराइच में भेड़िए ने फिर हमला किया। मंगलवार दोपहर भेड़िया घर के बाहर खेल रहे 4 साल के बच्चे को उसकी मां की आंखों के सामने से उठा ले गया। बच्चे की चीख सुनकर परिजन और गांव के लोग शोर मचाते हुए दौड़ पड़े। इससे भेड़िया बच्चे को छोड़कर खेतों की ओर भाग गया। खून से लथपथ बच्चे को गोद में उठाकर परिजन इलाज कराने ले गए। उसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में इलाज चल रहा है। वन विभाग को सूचना दी गई है। भेड़िए के लगातार हमले से गांव के लोग दहशत में हैं। 3 दिन के अंदर भेड़िया 2 बच्चों को अपना शिकार बना चुका है। इनमें एक बच्चे का पता अब तक नहीं चल सका है। कैसरगंज तहसील में मंझारा तौकली के बाबा बंगला गांव का है। मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे रक्षाराम का छोटा बेटा प्रिंस (3 साल) घर के बाहर खेल रहा था। परिजन भी वहीं पर बैठे हुए थे। तभी दबे पांव भेड़िया वहां पहुंचा। उसने बच्चे को मुंह में दबाया और भागने लगा। भेड़िए के पीछे परिजन और ग्रामीण हाथ में डंडा और गंडासा लेकर दौड़े।

## बरेली में दो बदमाश जिला बदर

बरेली। डीएम अविनाश सिंह ने मंगलवार को दो अपराधियों को जिला बदर किया गया है, जबकि चार अपराधियों को हाजिरी पाबंद किया गया। इसके अलावा एक व्यक्ति के लाइसेंसी असलहे को भी जब्त कर लिया गया। जिला मजिस्ट्रेट ने यूपी गुण्डा एक्ट, 1970 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए खतीक उर्फ खलीक पुत्र लईक अहमद, निवासी मोहल्ला टांडा, थाना बहेड़ी को जिला बदर किया है। खलीक पर 2016 से 2024 तक विभिन्न धाराओं में 13 मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह मनोज पटेल पुत्र मान सिंह उर्फ महीलाल, निवासी ग्राम पुरनापुर, थाना बिथरी चैनपुर को भी जिले से बाहर कर दिया गया है। मनोज के खिलाफ 2022 से 2024 तक 6 मुकदमे दर्ज हैं। जिला बदरी के साथ चार अपराधियों को हाजिरी हेतु पाबंद भी किया गया है।

## मकान की छत गिरी, सगे भाइयों समेत 3 की मौत

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर में निर्माणाधीन मकान की छत डालते समय बड़ा हादसा हो गया। छत अचानक भरभरा कर गिर गई। मलबे में 7 मजदूर दब गए। आसपास के लोगों ने चार को बाहर निकाल लिया, लेकिन 3 दबे रहे। पुलिस ने गैस कटर से काटकर तीन शवों को बाहर निकाला। इसमें से दो सगे भाई थे। अयोध्या SDRF की टीम के साथ देर रात वाराणसी की टीम भी मौके पर पहुंची। जिले के अलावा अमेठी और प्रतापगढ़ से भी फोर्स बुलाई गई। डीएम-एसपी ने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। घायल मजदूरों में से दो का सीएचसी लंभुआ और दो का राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घटना लंभुआ कोतवाली अंतर्गत धरियामऊ गांव की है। गांव के राम तीर्थ धुरिया का गांव में मकान बन रहा है। वह मुंबई में रहते हैं। उन्होंने मकान निर्माण का ठेका राम मिलन वर्मा को दे रखा था। सोमवार को उनके मकान में 20×30 एरिया में छत डाली गई। जिसकी जमीन से लगभग 18 फीट की ऊंचाई बताई जा रही है। रात 8 बजे के आसपास जब कार्य पूरा होने के बाद मिक्कर मशीन खोली जा रही थी तभी छत की शटरिंग एकाएक खुल गई। छत भरभरा कर गिर पड़ी। घटना के समय छत पर पांच मजदूर थे, वहीं मिक्कर मशीन के पास 12 मजदूर खड़े थे। 7 मजदूर छत के मलबे में दब गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना देकर रेस्क्यू शुरू किया।

# चित्रकूट में श्री राम-भरत मिलाप का मनमोहक मंचन

## रामलीला मैदान में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**पीलीभीत।** स्थानीय रामलीला मैदान में मंगलवार की रात श्री राम-भरत मिलाप लीला का सजीव एवं भावपूर्ण मंचन किया गया। राम वनगमन के पश्चात पिता महाराज दशरथ के निधन और भरत के अयोध्या लौटने से लेकर चित्रकूट में राम-भरत संवाद तक की घटनाओं का जीवंत चित्रण कर कलाकारों ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं।

मंचन के दौरान दिखाया गया कि पिता के स्वर्गवासी होने का समाचार पाकर भरत और शत्रुघ्न तुरंत अयोध्या लौटते हैं। उन्हें जब ज्ञात होता है कि माता कैकेयी के कारण प्रभु राम, लक्ष्मण और सीता को चौदह वर्षों का वनवास भोगना पड़ रहा है, तो भरत व्यथित हो उठते हैं।

कुलगुरु वशिष्ठ से पूछते हैं कि आपने इस अन्याय को रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया। पिता के अंतिम संस्कार के पश्चात भरत माताओं, गुरुओं और अयोध्यावासियों के साथ प्रभु राम को मनाने चित्रकूट पहुंचते हैं। वहां निषादराज गुह को साथ लेकर वे राम से मिलते हैं और निवेदन करते हैं कि वे अयोध्या लौट आएं। इस पर श्रीराम कहते हैं कि वे पिता के वचनों को असत्य नहीं कर सकते। तब भरत अयोध्या का राजपाट अस्वीकार करते हुए राम की खड़ाऊं मांगते हैं और प्रण करते हैं कि चौदह वर्षों बाद यदि प्रभु अयोध्या नहीं लौटे तो वे स्वयं को अग्नि को समर्पित कर देंगे। यह भावुक दृश्य देख श्रद्धालुओं की आंखें भर आईं। भरत प्रभु की खड़ाऊं लेकर अयोध्या लौटते हैं और उन्हें राजसिंहासन पर स्थापित कर स्वयं नंदीग्राम में वनवासी जीवन व्यतीत करने लगते हैं।

इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, केशव सक्सेना, अंकुर गुप्ता, राकेश लोधी, भीम सिंह चौहान, रमाकांत पांडेय, नरेश शुक्ला, प्रेम सिंह, अमरीश शर्मा, संजीव मिश्रा, सुधीर पाल सिंह, विकास पाल सिंह, अंशुमान मिश्र, अमिताभ त्रिपाठी, महेंद्र गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, विश्वास प्रकाश सक्सेना, संजीव मोहन अग्रवाल, निखिल मिश्रा, आयुष सक्सेना, अवनीश शर्मा, प्रदीप शर्मा, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा, अमित जौहरी, आकाश कश्यप सहित अनेक श्रद्धालु एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

लीला का संचालन संजय पांडेय एवं सोमनाथ सप्रे ने किया जबकि रामचरितमानस की चौपाइयों का गायन रामायणी निशांत तिवारी, अंकुर मिश्रा तथा ओमकार सिंह यादव ने किया।

# बीए की छात्रा मुस्कान राठौर बनी एक दिन की एसपी, मिशन शक्ति के तहत संभाली कमान



ललितपुर। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बीए की छात्रा मुस्कान राठौर को एक दिन का एसपी बनाया गया। इस अवसर पर मुस्कान राठौर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की कुर्सी संभाली और दिन भर विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की। छात्रा ने आई शिकायतों को सुना और उनका निस्तारण किया। पुलिस आफिस की समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर जानी पुलिस की कार्यप्रणाली व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । उक्त अभियान के क्रम में जनपद ललितपुर के सभी थानों पर एक दिवस के लिये छात्राओं को बनाया गया थाना प्रभारी। पुलिस अधीक्षक ललितपुर, मो0 मुश्ताक द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत बालिकाओं/महिलाओं के प्रोत्साहन व उनको सशक्त बनाने के लिये नेहरू महाविधालय, ललितपुर की बीए फाइनल की छात्रा मुस्कान राठौर को एक दिवस के लिये पुलिस अधीक्षक बनाया गया ।

पुलिस अधीक्षक बनकर छात्रा मुस्कान राठौर ने पुलिस आफिस में जनसुनवाई में लोगो की समस्याओं को सुना गया तथा गूगल मीट के जरिये सम्बन्धित थाना प्रभारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया । एक दिन की पुलिस अधीक्षक, महोदया द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि महिला सम्बन्धी जो भी मामले थाना स्थानीय पर प्राप्त होते हैं उनका तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण करें । थाना क्षेत्र के अपराधियों पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करें, जिससे अपराध नियंत्रण में मदद मिल सके तथा प्रतिदिन अपने-अपने थाने की एण्टी रोमियों टीम को स्कूल/ कालेज/ बाजार/ नवदुर्गा पाण्डाल, पार्कों में जाकर मनचलों/शोहदों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये ।एक दिन की पुलिस अधीक्षक, महोदया द्वारा जनपद में यातायात व्यवस्था दुरस्त रखने के सम्बन्ध में यातायात प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

तत्पश्चात पुलिस ऑफिस की विभिन्न शाखाओं प्रधान लिपिक शाखा, रिकार्ड रूम, विशेष किशोर पुलिस इकाई(बच्चा सेल), आंकिक शाखा, आपरेशन कनविक्शन सेल, ढ्ढत्रक्रस्न आदि का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक महोदय के साथ किया गया तथा रजिस्टरों का निरीक्षण कर वहां के कार्यों को जानकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## लखनऊ में भाई ने बहन के प्रेमी को मार डाला

**लखनऊ।** लखनऊ में भाई ने दोस्तों के साथ मिलकर बहन के प्रेमी को पीट-पीटकर मार डाला। मृतक का आरोपी की बहन से पिछले चार सालों से अफेयर था। इससे नाराज भाई ने युवक को शादी की बात करने के बहाने से घर बुलाया। इसके बाद ईंट से कई वार कर सिर फोड़ दिया। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना सआदतगंज इलाके में सोमवार रात डेढ़ बजे हुई। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य अब भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। मृतक की पहचान सआदतगंज के हातानूर बेग के रहने वाले 22 वर्षीय अली अब्बास के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि युवती के भाई हिमालय प्रजापति (26) ने अली को सोमवार रात करीब डेढ़ बजे मिलने बुलाया। यहां पहले से मौजूद सोनू और सौरभ प्रजापति (30) के साथ मिलकर अली को लाठी डंडों से पीटा। ईंट से उसके सिर पर कई वार किए। गंभीर रूप से घायल अली को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। अली के परिवार में तीन बहनें और एक भाई है।

## यातायात पुलिस का बड़ा एक्शन

# 103 वाहनों के काटे चालान, तीन वाहन किए सीज



**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन संचालन, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, सड़क पर स्टंटबाजी, वाहनों पर जाति सूचक/धर्म सूचक शब्द,वाहन पर बिना नंबर प्लेट अथवा दोषपूर्ण नंबर प्लेट, वाहनों के विंड स्क्रीन पर ब्लैक फिल्म जैसी यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के कुशल निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन संचालन, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, सड़क पर स्टंटबाजी, वाहनों पर जाति सूचक/धर्म सूचक शब्द,वाहन पर बिना नंबर प्लेट अथवा दोषपूर्ण नंबर प्लेट, वाहनों के विंड स्क्रीन पर ब्लैक फिल्म जैसी यातायात नियमों की अवहेलना करने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। साथ ही, आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया, जिसमें निम्न बिंदुओं पर विशेष बल दिया गया। दोपहिया वाहन चालक एवं पीछे बैठी सवारी हेतु हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग। दोपहिया वाहन पर तीन सवारी से परहेज। निर्धारित गति सीमा में वाहन संचालन। नशे की स्थिति में वाहन न चलाना।

# मिशन- शक्ति फेज- 5. एक दिन की जनपद भर में थाना प्रभारी, बनी छात्राएं



**ललितपुर।** उत्तर- प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन- शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है । जिसके क्रम में बालिकाओं/महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु उनमें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से जनपद ललितपुर के समस्त थानों पर छात्राओं को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। थाना प्रभारी बनी छात्राओं द्वारा थाना परिसर में भ्रमण कर, साफ -सफाई, व्यवस्थापन व थाना कार्यालय में अभिलेखों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी ली गयी । थाने पर पुलिस द्वारा की जाने वाली विधिक कार्यवाहियों एवं थाना संचालन की गतिविधियों / व्यवस्थापन के बारे में गहनता से जानकारी प्राप्त की । इसके अतिरिक्त महिला शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया गया । थाना कार्यालय के रजिस्टर के रख- रखाव, कम्प्यूटर-कक्ष में प्रथम सूचना रिपोर्ट के पंजीकरण, मालखाना, हवालात व मेस आदि का भी निरीक्षण किया गया । तत्पश्चात एक दिन के लिये थाना प्रभारी, के रूप में कार्य करते हुए उनके द्वारा जनसुनवाई की गयी । इस दौरान थाने पर आने वाली आमजन की समस्याओं को, थाना प्रभारियों के सहयोग से समझते हुए गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं को नियमानुसार/ प्रक्रियानुसार उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए ।

## महोबा में 9 साल बाद हत्या के बदले हत्या

**महोबा।** महोबा में हत्या का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक शराब के मामले में पेशी के लिए कोर्ट आया था। वह शाम को लौटते समय लापता हो गया। सोमवार देर रात उसकी लाश वहीं मिली, जहां उसने नौ साल पहले एक हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। शव पर धारदार हथियार के निशान थे और उसे बुरी तरह से पत्थर से कुचला गया था। पिता के मुताबिक, हत्या बदला लेने के लिए की गई। वारदात को नौ साल पहले मारे गए व्यक्ति के बेटे और भतीजों ने अंजाम दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। महोबा के कोतवाली क्षेत्र के कालीपहाड़ी गांव निवासी बृजेंद्र राजपूत (45) ने जयपाल से 50 रुपए लिए थे। जयपाल ने जब पैसे वापस मांगे तो बृजेंद्र ने मना कर दिया। इसी विवाद में 2016 में बृजेंद्र ने जयपाल की हत्या कर दी। मामले में उसे आजीवन कारावास की सजा हुई। इधर, जयपाल की हत्या के बाद बृजेंद्र का परिवार कालीपहाड़ी गांव छोड़कर 30 किलोमीटर दूर चरखारी के धनुषधारी मोहल्ले में आकर बस गया।

# एसपी ने जूम मीटिंग कर परखी जिले की कानून व्यवस्था

## मिशन शक्ति फेज-5.अभियान के सफल, प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में दिए निर्देश




ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/थाना/शाखा प्रभारियों के साथ मिशन शक्ति फेज-5.0 के सफल व प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में मीटिंग कर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । मीटिंग के बिन्दु निम्नवत हैं। नवरात्रि त्योहार के दृष्टिगत एण्टीरोमियों टीम/मिशन-शक्ति टीम को अपने -अपने थाना क्षेत्र में स्थित पण्डालो/ मन्दिर/स्कूलों/भीड़भाड वाले स्थानों पर प्रतिदिन जाकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये ।

सभी क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा निर्धारित मिशन शक्ति फेज-5 के दृष्टिगत निर्धारित प्रारूपानुसार आवश्यक कार्यवाही कराते हुए उक्त अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया। महिला सम्बन्धी अपराधों में त्वरित व प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । जनपद के समस्त थाना प्रभारियों/यातायात प्रभारी को वाहनों पर जाति/ काली फिल्म/बत्ती/हूटर लगाने वाले वाहनों पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

वाहन चैकिंग के दौरान यातायात प्रभारी/समस्त थाना प्रभारियों को वाडीवार्न कैमरो पहनकर चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है ।

दो पहिया/चार पहिया वाहनो से स्टंटबाजी करने वाले वाहन स्वामियों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । अवैध शराब जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया । विवेचना जनपद में लम्बित विवेचनाओं/प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व उचित निस्तारण करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों/ थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया । IGRS आईजीआरएस पोर्टल में लम्बित शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु तथा प्रत्येक आईजीआरएस का फीडबैक लेकर आवेदक को शत- प्रतिशत संतुष्ट करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया में 5 अक्तूबर को संसदीय चुनाव

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया अपनी नई इस्लामिस्ट-नेतृत्व वाली सरकार के तहत पहला संसदीय चुनाव 5 अक्तूबर को आयोजित करेगा। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने रविवार को यह जानकारी दी। इस चुनाव में 210 सदस्यीय पीपल्स असेंबली के लिए मतदान देश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में होगा, हालांकि चुनाव आयोग ने तीन प्रांतों में सुरक्षा कारणों से मतदान स्थगित करने की जानकारी दी थी। नई संसद का काम सरकार-नियंत्रित आर्थिक नीतियों में बदलाव और विदेशी नीति समझौतों के अनुमोदन के लिए कानून पारित करना होगा। यह सदन देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव रखेगा, जो पिछले दिसंबर में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता हटाए जाने के बाद शुरू हुई। आलोचक मानते हैं कि वर्तमान प्रणाली में अल्पसंख्यक समूहों की पर्याप्त भागीदारी नहीं है। चुनाव को सीरिया में राजनीतिक स्थिरता और प्रशासनिक सुधार की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### ट्रंप ने बेन कार्सन को अमेरिका का सर्वोच्च सम्मान देने का किया एलान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को बेन कार्सन को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम देने का एलान किया। यह अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। ट्रंप ने माउंट वर्नन में अमेरिकन कॉर्नरस्टोन इंस्टीट्यूट के एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। कार्सन (74) एक पूर्व न्यूरोसर्जन हैं। उन्होंने 2016 के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के चुनाव में ट्रंप के खिलाफ चुनाव लड़ा था। ट्रंप ने इस महीने तीसरी बार किसी को यह पुरस्कार देने का एलान किया है। इससे पहले, उन्होंने रूडी गिउलिआनी और चार्ली किर्क को मरणोपरांत यह सम्मान देने की घोषणा की थी।

### चीन : कोविड व्हिसलब्लोअर झांग को चार साल और जेल

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में कोविड की व्हिसलब्लोअर को चार साल और कारावास की सजा सुनाई गई। पत्रकार को कोविड-19 विस्फोट के पहले दौर की रिपोर्टिंग के लिए चार वर्ष जेल की सजा पहले ही सुनाई जा चुकी है। अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता समूह आरएसएफ ने शनिवार को बताया कि झांग झान (42) को चीन में झगड़ा करने और उपद्रव भड़काने के आरोप में शुक्रवार को सजा सुनाई गई है। इन्हीं आरोपों में उन्हें दिसंबर 2020 में जेल की सजा हुई थी। तब उन्होंने कोरोना वायरस के शुरुआती प्रसार पर वुहान शहर से रिपोर्ट पोस्ट की थी। चीनी विदेश मंत्रालय ने फिलहाल इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। आरएसएफ एशिया-प्रशांत एडवोकेसी मैनेजर अलेक्जेंड्रा बिलाकोव्स्का ने एक बयान में कहा, उन्हें वैश्विक स्तर पर एक सूचना नायक के रूप में सम्मानित किया जाना चाहिए न कि जेल भेजा जाना चाहिए। झांग को शुरुआत में भीड़भाड़ वाले अस्पतालों व खाली सड़कों के वीडियो पोस्ट करने के कुछ महीनों बाद गिरफ्तार किया गया था।

### डोमिनिकन गणराज्य ने अमेरिकी नौसेना द्वारा नष्ट की गई स्पीड बोट से जब्त की कोकीन

**सैंटो डोमिंगो, एजेंसी।** डोमिनिकन गणराज्य के अधिकारियों ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उन्होंने उस स्पीड बोट से कोकीन जब्त की है, जिसे हाल ही में अमेरिकी नौसेना ने नष्ट कर दिया था। यह अभियान ट्रंप प्रशासन के दक्षिणी कैरेबियन में चल रहे विवादित नारकोटिक्स मिशन का हिस्सा है। डोमिनिकन गणराज्य के राष्ट्रीय मादक पदार्थ नियंत्रण निदेशालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने स्पीड बोट से कोकीन के 377 पैकेट बरामद किए हैं, जिसमें कथित तौर पर 1,000 किलो मादक पदार्थ भरा हुआ था।

### तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी ने दोबारा चुना अपना नेता

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को अपने नेता को दोबारा चुना। पार्टी का कहना है कि यह कदम सरकार की कोशिशों का सामना करने के लिए उठाया गया है, जो पार्टी के नेतृत्व को बदलना चाहती है। रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) के अध्यक्ष ओजगुर ओजेल ने कांग्रेस की शुरुआत में ही सभी सदस्यों से कहा कि वे उनके खिलाफ अविश्वास मत दें, ताकि नया चुनाव हो सके। अंत में उन्होंने सभी 835 वोटों के साथ जीत हासिल की। पार्टी का कहना है कि यह कदम इसलिए जरूरी था, क्योंकि अदालतें उन्हें हटा कर सरकार के समर्थन वाला व्यक्ति नियुक्त कर सकती थीं। सरकार पर पार्टी ने राजनीतिक दबाव डालने का आरोप लगाया है।

# ट्रंप और मस्क में फिर हो गई दोस्ती? किर्क की श्रद्धांजलि सभा में साथ आए नजर, बातचीत भी हुई

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को कंजर्वेटिव एक्टिविस्ट चार्ली किर्क के श्रद्धांजलि सभा में एक साथ देखा गया। दोनों एक-दूसरे से बातचीत करते भी नजर आए। व्हाइट हाउस के सोशल मीडिया अकाउंट से उनकी इस मुलाकात को हाइलाइट भी किया गया है। एलन मस्क ने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ एक्स पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने बस इतना लिखा, चार्ली के लिए। ट्रंप और मस्क के बीच लंबे समय के बाद यह पहली सार्वजनिक मुलाकात रही।



रिपोर्ट के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप से विवाद होने के चलते एलन मस्क ने स्पेशल गवर्नमेंट एंप्लॉयी के पद से इस्तीफा दिया था। मस्क ने मई के आखिर में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के हेड के तौर पर काम छोड़ा था। उन्होंने ट्रंप प्रशासन की एक पॉलिसी को वित्तीय रूप से गैर-जिम्मेदार बताया था। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रंप की तीखी आलोचना भी की थी। इसके जवाब में ट्रंप ने मस्क की कंपनियों के साथ फेडरल कॉन्ट्रैक्ट्स रद्द करने की धमकी दी थी। अब ट्रंप और मस्क मेमोरियल सर्विस में एक साथ दिखे हैं। यह उनके तनावपूर्ण रिश्ते में कुछ नरमी का संकेत देता है। वहीं, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मेमोरियल सर्विस में भावुक भाषण दिया। उन्होंने चार्ली किर्क के समर्थकों से कहा कि वे उनके विश्वास, सत्य और देश के लिए लड़ाई को जारी रखें। वेंस ने कहा, सोशल मीडिया पर कई लोग फॉर चार्ली की बात कर रहे हैं। हमें चार्ली के लिए ये करना होगा। चार्ली के लिए हम हर दिन सच बोलेंगे। चार्ली के लिए हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे। चार्ली के लिए हम कभी पीछे नहीं हटेंगे, कभी डरेंगे नहीं और बंदूक की नोक पर भी डटकर मुकाबला करेंगे।

डोनाल्ड ट्रंप ने चार्ली किर्क को दिया शहीद का दर्जा, पत्नी बोलीं- मैं हत्यारे को माफ करती हूं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मारे गए दक्षिणपंथी कार्यकर्ता चार्ली किर्क को अमेरिका की आजादी का शहीद घोषित कर दिया है। वहीं किर्क की पत्नी ने पति के हत्यारे को माफ कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को किर्क की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा है कि किर्क लोगों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा, वह अमेरिका की आजादी के लिए जान देने वाले शहीद हैं। बता दें कि चार्ली किर्क डोनाल्ड ट्रंप के बेहद करीबी माने जाते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, उन्होंने बहुत मेहनत की। उन्होंने ही मुझे भी पूरे देश में जाने की सलाह दी थी। बता दें कि यूटा यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्हें गर्दन पर गोली मार दी गई थी। उनकी हत्या के आरोप में 22 साल के टाइलर रॉबिन्स को गिरफ्तार किया गया है। सरकारी वकील का कहना है कि वह टाइलर के लिए मौत की सजा की मांग करेंगे। वहीं हत्या के पीछे का मकसद अब भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। राजनीतिक गलियारों में यही कहा जा रहा है कि किर्क वामपंथियों के लिए रोड़ा बन गए थे। इसलिए राजनीतिक साजिश के तहत उन्हें मरवाया गया। डोनाल्ड ट्रंप ने लिबरल्स पर भड़कते हुए कहा कि इस हत्या की जांच पूरी की जाएगी और हिंसा के पीछे जिनका भी हाथ है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, किर्क अपने विरोधियों से भी घृणा नहीं करते थे। चार्ली किर्क की पत्नी एरिका किर्क भी इस कार्यक्रम में संबोधन के दौरान भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, मैं उसे माफ करती हूं, क्योंकि ईसा मसीह ने जो कुछ किया, वही चार्ली ने भी किया है।

बता दें कि रॉबिन्सन पर किर्क की जानबूझकर हत्या करने का आरोप है। वहीं रॉबिन्सन के परिवार ने हत्या को लेकर कोई भी बयान देने से दूरी बना ली है। दोषी पाए जाने पर उसे मृत्युदंड, आजीवन कारावास, बिना पैरोल के आजीवन कारावास या कम से कम 25 साल की सजा हो सकती है। सजा और भी बढ़ाई जा सकती है क्योंकि उसने कथित तौर पर किर्क को उनके राजनीतिक विचारों के कारण निशाना बनाया और घटना बच्चों की मौजूदगी में हुई। किर्क की 10 सितंबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह गैर-लाभकारी राजनीतिक संगठन 'टर्निंग पॉइंट यूएसए' के सह-संस्थापक थे। उन्होंने इस संगठन की स्थापाना ही यूनिवर्सिटी और कॉलेज में लिबरल्स का विरोध करने के लिए की थी। अमेरिका में उनका नेटवर्क इतना मजबूत हो गया था कि वामपंथी खौफ खाते थे। बीते साल उनके संगठन का रेवेन्यू 85 मिलियन डॉलर के करीब था। 2024 में उनका चैप्टर 3300 कॉलेजों तक फैल गया था।

# अमेरिकी महिला ने एआई की मदद से जीती 1.25 करोड़ रुपये की लॉटरी

**वर्जीनिया, एजेंसी।** रिश्तों में सलाह देना हो या किसी की मन की बात सुनना, आज चैटजीपीटी कई तरह से लोगों की मदद कर रहा है। लेकिन अब यह लॉटरी जीतने में भी मददगार साबित हो रहा है। वर्जीनिया के मिडलोथियन शहर की रहने वाली कैरी एडवर्ड्स इसका ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने आठ सितंबर को वर्जीनिया लॉटरी में चार सही नंबर और पावरबॉल मिलाकर लॉटरी जीत ली। पहले उन्हें 50 हजार अमेरिकी डॉलर (करीब 42 लाख रुपये) मिलने वाले थे। लेकिन उन्होंने पावर प्ले नाम का एक विकल्प चुना, जिसमें केवल एक डॉलर और जोड़ने पर इनाम तीन गुना हो गया। इस तरह उन्हें कुल 1,50,000 डॉलर (करीब 1.25 करोड़ रुपये) मिले।

चैटजीपीटी ऐप से पूछे नंबर अब सवाल यह है कि ये इनाम जीतने वाले नंबर उन्हें किसने बताए? ये नंबर चैटजीपीटी ने दिए। कैरी आमतौर पर लॉटरी नहीं खेलतीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने फोन के चैटजीपीटी ऐप से नंबर पूछे। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया, मैंने चैटजीपीटी से कहा- मुझसे बात करो...क्या तुम्हारे पास मेरे लिए कुछ नंबर हैं? फोन पर आए नोटिफिकेश ने कैरी को चौंका दिया दो दिन बाद



जब वह एक बैठक में थीं, तो उनके फोन पर एक नोटिफिकेशन आया, जिसने उन्हें चौंका दिया। शुरुआत में उन्हें लगा कि यह कोई धोखाधड़ी है, लेकिन जब उन्होंने खबर की पुष्टि की तो उन्हें इस जिंदगी बदल देने वाली जीत पर भरोसा हुआ। उन्होंने कहा, जैसे ही यह इनाम मेरे पास आया तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है। मुझे लगा कि मुझे यह सब दान कर देना चाहिए, क्योंकि मुझे पहले ही बहुत कुछ मिला है। मैं चाहती हूं कि यह एक उदाहरण बने कि जब किसी को कुछ अच्छा मिले तो वह दूसरों की मदद करे। पैसे को नेक कामों में बांटने का किया फैसला कैरी एडवर्ड्स ने पूरे 1,50,000 डॉलर अच्छे कामों में बांटने का फैसला किया। पहला हिस्सा उन्होंने एक चैरिटी को दिया, जिसका नाम एसोसिएशन फॉर फ्रंटोटेम्पोरल डिजेनरेशन है। यह संस्था ऐसी बीमारी पर शोध करती है।

# 35 हजार मदरसों में बच्चों को खतरा, धार्मिक शिक्षा के नाम पर हो रहा यौन शोषण; संसदीय समिति ने चेताया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के मदरसों व स्कूलों में बच्चों के यौन शोषण संबंधी रिपोर्ट के सामने आने के बाद एक संसदीय समिति ने इस पर चिंता जताई। समिति ने मदरसों व स्कूलों में बच्चों को दुर्व्यवहार से बचाने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा के नाम पर किसी भी बच्चे को कष्ट न सहना पड़े। पाकिस्तानी अंग्रेजी दैनिक डॉन में शुक्रवार को प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया कि सीनेटर समीना मुमताज जेहरी की अध्यक्षता में मानवाधिकारों पर सीनेट की कार्यात्मक समिति ने बृहस्पतिवार को पंजाब, सिंध व खैबर पख्तूनख्वा के मदरसों में दंड, यातना व यौन शोषण की परेशान करने वाली रिपोर्टों की समीक्षा के लिए एक बैठक की। संघीय व प्रांतीय विभागों के अधिकारियों ने समिति को इस मुद्दे के समाधान के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कदम का उद्देश्य वैध धार्मिक संस्थानों को निशाना बनाना नहीं बल्कि निगरानी व जवाबदेही के माध्यम से दुर्व्यवहार को खत्म करना है। सीनेटर जेहरी ने वित्तीय पारदर्शिता-निगरानी के अभाव पर जताई चिंता सीनेटर जेहरी ने इन संस्थानों के उचित पंजीकरण, वित्तीय पारदर्शिता व निगरानी के अभाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मदरसों के नियमित निरीक्षण, अनिवार्य अभिभावक-शिक्षक सहभागिता, बाल संरक्षण पर शिक्षक प्रशिक्षण और शारीरिक दंड पर प्रतिबंध सहित कड़े कदम उठाने का आह्वान किया। सीनेटर ने दर्ज मामलों में दोषसिद्धि की बेहद कम दर पर भी प्रकाश डाला और चेतावनी दी कि अभियोजन और रोकथाम के बिना, दुर्व्यवहार का चक्र बेरोकटोक जारी रहेगा। सीनेटर मुमताज बोलीं-कमाई करने में लगे कई मदरसे सीनेटर समीना मुमताज जेहरी ने कहा कि कई मदरसे राष्ट्रीय शिक्षा ढांचे में एकीकृत होने के बजाय कमाई करने वाली प्रणालियों में बदल गए हैं। बैठक में अन्य सदस्यों ने बच्चों की सुरक्षा के लिए जिला-स्तरीय निगरानी और सुसंगत प्रांतीय कानूनों की सिफारिश की। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान में 35 हजार से ज्यादा मदरसे हैं, जहां हजारों बच्चे धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं।

# तालिबान ने यौन उत्पीड़न से जुड़ी किताबें गैरकानूनी घोषित की, कुल 679 किताबों पर रोक; मानवाधिकार से जुड़ी पढ़ाई पर भी प्रतिबंध

**काबुल, एजेंसी।** तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान की यूनिवर्सिटीज में यौन उत्पीड़न, मानवाधिकार और महिलाओं से जुड़े विषयों पर पढ़ाई जाने वाली किताबों पर रोक लगा दी। यह प्रतिबंध 28 अगस्त 2025 को लागू हुआ, जिसमें 679 किताबों को ÷शरिया और तालिबान नीतियों के खिलाफ÷ बताकर प्रतिबंधित किया गया। इनमें से 140 किताबें महिलाओं ने लिखीं थीं। तालिबान ने 18 विषयों को पढ़ाने पर भी रोक लगाई, जिनमें यौन उत्पीड़न, मानवाधिकार, महिलाओं की समाजशास्त्र और जेंडर स्टडी शामिल है। यह खबर हाल ही में सामने आई है।

**तालिबान ने वाई-फाई पर भी रोक लगाई :** यह कदम तालिबान के पिछले चार सालों में लगाए गए कई प्रतिबंधों की कड़ी में एक और नया फैसला है। हाल ही में उन्होंने 10 प्रांतों में वाई-फाई पर भी



पाबंदी लगा दी थी। अधिकारियों का कहना है कि ऐसा अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए किया गया। तालिबान के इस फैसले लेकिन इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं और लड़कियों पर पड़ा है। उन्हें पहले ही छठी कक्षा से आगे की पढ़ाई से रोका जा चुका है और अब दाई के पाठ्यक्रम, जो उनकी पढ़ाई का आखिरी सहारा थे, 2024 के आखिर तक बंद कर दिए जाएंगे। पुस्तकों की समीक्षा करने वाली समिति ने साफ कहा है कि अब महिलाओं की लिखी गई कोई भी किताब पढ़ाने की अनुमति नहीं होगी। अफगानिस्तान की पूर्व उप-न्याय मंत्री और लेखिका जकिया अदेली, जिनकी किताब भी इस सूची में शामिल है, ने कहा कि यह फैसला उन्हें चौंकाने वाला नहीं लगा। उनके मुताबिक तालिबान की नीतियां पहले दिन से ही स्त्री विरोधी रही हैं। अगर महिलाओं को पढ़ने की अनुमति नहीं है, तो उनके विचारों और लेखन को भी जगह नहीं दी जाएगी। बीबीसी के मुताबिक तालिबान के उच्च शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि फैसले धार्मिक विद्वानों और विशेषज्ञों की सलाह से लिए गए हैं। महिलाओं की किताबों के अलावा इस बार ईरानी लेखकों और प्रकाशकों की किताबों पर भी रोक लगाई गई है।

**अफगानिस्तान में ईरान का प्रभाव रोकने में जुटा तालिबान :** प्रतिबंधित सूची में शामिल 679 किताबों में से 310 या तो ईरानी लेखकों की हैं या ईरान में प्रकाशित हुई हैं। समिति के एक सदस्य ने बताया कि यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि अफगान पाठ्यक्रम में ईरानी प्रभाव न बढ़ सके। दरअसल, हाल के सालों में अफगानिस्तान और ईरान के रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं। पानी के बंटवारे जैसे मुद्दों पर दोनों में टकराव हुआ है। इसके अलावा, ईरान ने इस साल जनवरी से अब तक 15 लाख से ज्यादा अफगानों को देश छोड़कर वापस जाने पर मजबूर किया है। ऐसे माहौल में ईरानी किताबों पर रोक को भी राजनीतिक फैसले के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के लिए यह स्थिति बेहद मुश्किल बन गई है। एक प्रोफेसर ने कहा कि ईरानी लेखक और अनुवादक अब तक अफगान शिक्षा जगत और वैश्विक शैक्षणिक समुदाय के बीच पुल का काम करते थे। उनकी किताबें हट जाने से विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के स्तर में बड़ी कमी आ जाएगी।

# आपात स्थिति में फोन कॉल न जुड़ने के कारण चार की मौत, अब देशभर के संपर्क तंत्र में बदलाव की तैयारी

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की एक बड़ी टेलीकॉम कंपनी की तकनीकी खामी के कारण सैकड़ों लोग आपात स्थिति में संपर्क नहीं कर पाए, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो घई। इस घटना के बाद सरकार अब पूरे देश में संपर्क प्रणाली को दुरुस्त करने की बात कर रही है। ऑप्टस ऑस्ट्रेलिया की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी है। उसने बताया कि गुरुवार को एक तकनीकी खराबी के चलते 624 फोन कॉल आपातकालीन सेवा (000 नंबर) से नहीं जुड़ पाईं। अमेरिका में आपात स्थिति में लोग 911 डायल करते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया में 000 पर कॉल किया जाता है। जिन कॉल के दौरान दिक्कत आई, उनमें से चार




मामलों में लोगों की जान चली गई।

**टेलीकॉम कंपनियों पर पहले भी लग चुका जुर्माना :** यह पहली बार नहीं है, जब इस कंपनी पर ऐसी लापरवाही का आरोप लगा हो। पिछले साल नवंबर में भी नेटवर्क बंद होने के दौरान मदद के लिए फोन कर रहे लोग संपर्क नहीं कर पाए, जिस कारण कंपनी पर 1.2 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब आठ मिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया था। देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी टेल्स्ट्रा को भी पिछले साल दिसंबर में 30 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब दो मिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना देना पड़ा था, क्योंकि उसके केंद्र में तकनीकी खामी आने से लोग समय पर संपर्क नहीं कर पाए थे।

**सख्त कार्रवाई करेंगे: ऑस्ट्रेलियाई सूचना मंत्री :** ऑस्ट्रेलिया की सूचना मंत्री अनिका वेल्स ने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, ऑप्टस और अन्य सभी कंपनियों की यह जिम्मेदारी है कि लोग जब भी किसी परेशानी में हों, तो उनका संपर्क बिना किसी बाधा के हो। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी और सभी कंपनियों को अब सतर्क रहना होगा। इस चूक के लिए ऑप्टस को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। ऑप्टस के प्रमुख स्टीफन रुए ने इस घटना पर दुख जताया और माफी मांगी। उन्होंने कहा, मैं उन चार लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करता हूं, जो जरूरत के समय मदद नहीं ले पाए। उन्होंने माना कि शुरुआती जांच में ये सामने आया है कि तय तरीकों का पालन नहीं किया गया। जिन राज्यों में यह दिक्कत हुई, उनमें उत्तरी क्षेत्र, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया और न्यू साउथ वेल्स शामिल हैं। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की राजधानी पर्थ में एक 74 साल के बुजुर्ग और एक 49 साल के व्यक्ति की मौत हुई।

# मोरक्को में बोले राजनाथ सिंह- एक दिन पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर कहेगा- मैं भी भारत हूं..,

**रबात (मोरक्को), एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय मोरक्को दौरे पर हैं। इस दौरान रबात में उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात भी की। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा, हमारा भारत के प्रति समर्पण, स्नेह और प्रेम स्वाभाविक है। हम दुनिया में कहीं भी रहें, यह नहीं भूलना चाहिए कि हम भारतीय हैं। भारतीय होने के नाते हमारी जिम्मेदारियां भी दूसरों से अलग होती हैं। अगर हम मोरक्कों में अपनी रोजी-रोटी कमा रहे हैं अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं, तो मोरक्को के साथ कोई बेईमानी नहीं होनी चाहिए, यही भारत का स्वभाव है।

**भारत कुछ कहता है तो ध्यान से सुनती है दुनिया :** उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि आप सभी भार की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा को महसूस कर पा रहे हैं। पहले जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुछ कहता था, तो उसे गंभीरता से नहीं लिया जाता था। लेकिन आज भारत कुछ कहता है, तो पूरी दुनिया ध्यान देती है और सुनती है। पहले ऐसा नहीं था। तमाम वैश्विक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

**स्टार्टअप्स और नवाचार का वैश्विक केंद्र बन रहा भारत :** राजनाथ सिंह ने कहा, भारत स्टार्टअप्स और नवाचारों का एक वैश्विक केंद्र बनता जा रहा है। 2014 में केवल 500 स्टार्टअप थे और आज यह संख्या बढ़कर 1.60 लाख हो गई है। 2014 में जहां केवल 18 यूनिकॉर्न थे, आज उनकी संख्या



बढ़कर 118 हो गई है।

**ऑपरेशन सिंदूर पर रक्षा मंत्री ने क्या कहा :** रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, क्या पार्ट-2 या पार्ट-3 होगा, यह कहना मुश्किल है। यह पाकिस्तान के व्यवहार पर निर्भर करता है। अगर वह आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त रहता है, तो उसे जवाब मिलेगा। पहलगाम में हमारे 26 लोग मारे गए थे। इससे पहले उनसे उनका धर्म पूछा गया था। मैंने 23 अप्रैल को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस), तीनों सेनाओं के प्रमुखों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में पहला सवाल पूछा था कि अगर सरकार ऐसा फैसला लेती है तो क्या वे इस ऑपरेशन के लिए तैयार हैं। इसके बाद हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संपर्क किया। उन्होंने हमें आगे बढ़ने की पूरी छूट दी। आपने देखा होगा उसके बाद क्या हुआ। सीमा पर नहीं, हमने उनके अंदर सौ किलोमीटर तक आतंक के ठिकाने नष्ट कर दिए। जैश-ए-मोहम्मद के एक शीर्ष आतंकवादी ने कहा कि भारत के हमले में मसूद अजहर का परिवार बिखर गया।

# 24 घंटे में 4 देशों ने फिलिस्तीन को मान्यता दी:ब्रिटेन-कनाडा शामिल, अब तक 150 देश कर चुके समर्थन

**लंदन, एजेंसी।** पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फिलिस्तीन को औपचारिक तौर पर एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी। इससे फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले देशों की संख्या अब करीब 150 हो गई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता है। वहीं पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल ने कहा कि फिलिस्तीन को मान्यता देना ही स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है। इस कदम से इजराइल पर गाजा में मानवीय संकट कम करने का दबाव बढ़ा है। हालांकि, अमेरिका अब भी फिलिस्तीन को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता है। वहीं, फ्रांस ने भी ऐलान किया है कि वह इस हफ्ते यूएन में फिलिस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश जारी कर फिलिस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया। नेतन्याहू बोले- यह कदम आतंकवाद को इनाम देना वहीं, इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि फिलिस्तीन को आजाद देश मानना आतंकवाद को इनाम देना है। जॉर्डन नदी के पश्चिम में फिलिस्तीनी देश नहीं बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों को दोगुना कर दिया है और इसे और बढ़ाएंगे। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि वह इस मान्यता का जवाब अमेरिका से लौटने के बाद देंगे।

**75% देश फिलिस्तीन को मान्यता दे चुके :** फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से करीब 75% देश मान्यता दे चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र में इसे 'परमानेंट ऑब्जर्वर स्टेट' का दर्जा हासिल है। इसका मतलब है कि फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति तो है लेकिन वोटिंग का अधिकार नहीं है। फ्रांस की मान्यता मिलने के बाद फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद




के 5 में 4 स्थाई देशों का समर्थन मिल जाएगा। चीन और रूस दोनों ने 1988 में फिलिस्तीन को मान्यता दी थी। ऐसे में अमेरिका इकलौता देश होगा जिसने फिलिस्तीन को मान्यता नहीं दी है। उसने ने फिलिस्तीनी अथॉरिटी को मान्यता दी है। फिलिस्तीनी अथॉरिटी 1994 में इसलिए बनाई गई थी ताकि फिलिस्तीनियों के पास अपनी स्थानीय सरकार जैसी व्यवस्था हो और आगे चलकर यह पूरा राज्य बनने की नींव बन सके। ब्रिटेन ने क्यों लिया फैसला? ब्रिटिश पीएम ने कहा कि यह फैसला इजराइल को सजा देने के लिए नहीं लिया गया है, लेकिन अगर इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने गाजा में सैन्य कार्रवाई को कम हिंसक तरीके से और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करते हुए किया होता, तो शायद यह कदम न उठाया जाता। इससे पहले ब्रिटिश डिप्टी पीएम डेविड लैमी ने कहा था कि अगर ब्रिटेन फिलिस्तीन को मान्यता देता है, तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि कोई नया देश तुरंत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मान्यता सिर्फ एक शांति प्रक्रिया का हिस्सा है। लैमी ने बताया कि ऐसा कदम इसलिए उठाया जा रहा है ताकि 'टू स्टेट सॉल्यूशन' की उम्मीद बनी रहे। कनाडा बोला- फिलिस्तीन लोकतांत्रिक देश बनेगा कनाडा के पीएम मार्क कार्नी का कहना है कि यह कदम मध्य पूर्व में शांति लाने और टू-स्टेट सॉल्यूशन को बचाने के लिए है। इस समाधान में फिलिस्तीन एक आजाद और लोकतांत्रिक देश बनेगा, जो इजराइल के साथ शांति से रहेगा। कनाडा ने कहा कि वह फिलिस्तीन को मान्यता देकर शांति की उम्मीद बनाए रखना चाहता है। यह कदम हमास का समर्थन नहीं करता, बल्कि मांग करता है कि हमास बंधकों को छोड़े, हथियार डाले, और फिलिस्तीन की सरकार में कोई भूमिका न ले।

वहीं, ऑस्ट्रेलियाई क्क्रएंथनी अल्बानीज ने कहा- ऑस्ट्रेलिया फिलिस्तीनी लोगों की आजाद देश की इच्छा का सम्मान करता है। यह कदम टू-स्टेट सॉल्यूशन के लिए हमारी पुरानी कोशिश को दिखाता है, जो इजराइल और फिलिस्तीन के लिए शांति लाने का एकमात्र रास्ता है।

# भारत और बांग्लादेश के बीच आज सुपर फोर में होगा मुकाबला

**दुबई (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश की टीमें बुधवार को एशिया कप 2025 के सुपर 4 में आमने-सामने होंगी। दोनो ही टीमों ने सुपर फोर का अपना पहला मैच जीता है। ऐसे में अब इनका लक्ष्य इस मैच को भी जीतकर फाइनल में जगह बनाना रहेगा। भारतीय टीम ने जहां पाकिस्तान को, वहीं बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराया है। भारतीय टीम ने अपने सभी लीग मैच आसानी से जीते हैं। ऐसे में वह जीत की प्रबल दावेदार है हालांकि इसके बाद भी वह बांग्लादेश को हल्के में नहीं लेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के स्पिनरों पर नजरें रहेंगी।

आंकड़ों पर नजर डालें तो ये मुकाबला एकतरफा रहेगा। दोनों ही टीमों के बीच अब तक 17 टी20 मैच खेले गए हैं। इनमें से बांग्लादेश एक ही मैच जीता है।

बांग्लादेशी टीम भारत के सामने काफी कमजोर नजर आती है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव की टीम के लिए ये मैच जीतना कठिन नहीं होगा हालांकि बांग्लादेश के स्पिनर बेहतर प्रदर्शन करके बाजी उल्ट सकते हैं। जहां तक बल्लेबाजी की बात है। उसमें भी भारतीय टीम कहीं आगे है। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को रोकना बांग्लादेशी गेंदबाजों के लिए बेहद कठिन होगा। इसके अलावा शुभमन गिल भी अच्छे फार्म में हैं। बांग्लादेश की बल्लेबाजी कप्तान लिटन दास और तौहीद हृदय पर निर्भर रहेगी।

बांग्लादेश टीम इस मैच में पहले गेंदबाजी करना चाहेगी। उसका लक्ष्य भारत को कम स्कोर पर रोककर लक्ष्य का पीछा करना रहेगा। भारतीय बल्लेबाजो विशेषकर तिलक वर्मा और संजू सैमसन को बांग्लादेशी




स्पिनरों से सावधान रहना होगा। ये दोनों चौथे या पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और ऐसे में स्पिनरों का अधिक सामना करना होता है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**बांग्लादेश-** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।

# सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी के सामने पेश हुए पूर्व क्रिकेटर युवराज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय ने आज पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह से ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े एक मामले में पूछताछ की है। ईडी ने धन शोधन के मामले में युवराज को पूछताछ के लिए कार्यालय में पेश होने को कहा था। युवराज दोपहर बारह बजे एजेंसी के दफ्तर पहुंचे। इससे पहले इसी मामले को लेकर सुरेश रैना, शिखर धवन ,रोबिन उत्थाप्पा सहित कुछ अन्य पूर्व क्रिकेटरों से भी पूछताछ हुई थी। युवराज समेत कई क्रिकेटर और फिल्मी सितारे इस इस ऐप का प्रचार कर रहे थे। इसी कारण कई फिल्मी सितारों से भी पूछताछ हुई है। वहीं सोनू सूद को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत युवराज के उनके बयान दर्ज किये। इसके अलावा पूर्व सांसद और बांग्ला अभिनेत्री मिमि चक्रवर्ती, अभिनेता अंकुश हाजरा से भी पूछताछ हुई है। अभिनेता सोनू सूद को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

ईडी ऐसे सट्टेबाजी ऐप और प्लेटफार्म के खिलाफ व्यापक जांच कर रही है जिनपर करोड़ों रुपये की ठगी करने और कथित तौर पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों की भारी मात्रा में चोरी करने के आरोप हैं। इस जांच के तहत आने वाले दिनों में एजेंसी कुछ अन्य खिलाड़ियों, फिल्म अभिनेताओं, ऑनलाइन प्रभावशाली व्यक्तियों और मशहूर हस्तियों को भी पूछताछ के लिए बुला सकती है। अब तक करीब आधा दर्जन बड़ी हस्तियों से ईडी ने पूछताछ की है।

# फरहान और रउफ पर प्रतिबंध लगा सकती है आईसीसी

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ एशिया कप 2025 के सुपर फोर मुकाबले में करारी हार के बाद अब पाकिस्तान क्रिकेट टीम को एक और झटका लग सकता है। इस मैच में भड़काउ जश्न के लिए उसके दो खिलाड़ियों साहिबजादा फ़रहान और हैरिस रउफ पर आईसीसी कड़ी कार्रवाई कर सकती है। इसके तहत इनपर भारी जुर्माना लगाने के अलावा प्रतिबंध भी लग सकता है। इन दोनो ही ही शिकायत आईसीसी से की गयी है। मैच रैफरी ने इसमें भारतीय टीम से सभी प्रकार के साक्ष्य रखने को कहा है। उसी के आधार पर आईपीसी सजा का फैसला करेगी। इस मैच में पाक सलामी बल्लेबाज फ़रहान ने अर्धशतक लगाने के बाद 'बंदूक से गोलीबारी' के स्टाइल में जश्न मनाया। इससे एक प्रकार से वह क्रिकेटर नहीं आतंकियों जैसा व्यवहार कर रहे थे

क्रिकेट में जब खिलाड़ी मैदान पर बंदूक चलाने की नकल करें, तो यह खेल से ज्यादा हिंसा और कट्टरता दिखाती है। भारत-पाकिस्तान मैच पहले ही तनाव और भावनाओं से भरे होते हैं। ऐसे में बंदूक जैसे प्रतीकों का इस्तेमाल आतंकियों का समर्थन करना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मैच रेफरी ने भारतीय टीम से कहा है कि इस मुद्दे पर वो अपना पक्ष रखे, वहीं दोनों वीडियो के और एंगल इकठ्ठा किए जा रहे है। इस मैच में बल्लेबाजों की पिटाई से भड़के रउफ ने अपने हाथ से छह विमान गिराने के संकेत किये। इसके बाद भारतीय क्रिकेट प्रेमियों ने उन्हें जमकर निशाना बनाया और इस झूठ के लिए फटकार लगायी। वहीं फरहान ने जिस प्रकार बल्ले से गोलीबारी का इशारा किया उससे लोग भड़क गये।

### इस प्रकार का व्यवहार नियमों के खिलाफ है।

आईसीसी आचार संहित के अनुसार अगर कोई भी जश्न विरोधी टीम या दर्शकों को भड़काए। उससे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। नियमों के तहत ही राजनीतिक, धार्मिक या हिंसक संदेश देने वाली हरकतों पर रोक है और अगर कोई खिलाड़ी खेल की भावना के खिलाफ जाता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है या उसे प्रतिबंधित किया जा सकता है।

# बांग्लादेश कोच फिल सिमंस का बयान, कहा- हर टीम के पास भारत को हराने की काबिलियत

**दुबई (एजेंसी)।** बांग्लादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस का मानना है कि भारत अजेय नहीं है और बुधवार को जब उनकी टीम एशिया कप सुपर चार के मुकाबले में मौजूदा विश्व चैंपियन से भिड़ेंगी तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने पिछले चार मैचों में क्या हासिल किया है।

वेस्टइंडीज के लिए 1987 से 1999 तक खेलने वाले सिमंस से जब पूछा गया कि क्या इस भारतीय टीम को हराना संभव है तो उन्होंने कहा,'' हर टीम के पास इस भारतीय टीम को मात देने की क्षमता है।''

उन्होंने आगे कहा कि, मैच जिस दिन खेला जाता है उससे पहले क्या हुआ है, यह मायने नहीं रखता है। यह बुधवार को क्या होगा उस बारे में है। यह उस साढ़े तीन घंटे के खेल के दौरान प्रदर्शन के बारे में है। हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ खेलने की कोशिश करेंगे और उम्मीद है कि भारत की




कमजोरियां ढूंढ पाएंगे। यही वह तरीका है जिससे हम मैच जीतते हैं।'' इस 62 साल के पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि वह भारत से जुड़े किसी भी मैच के माहौल को समझते हैं और चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी उस पल का लुत्फ उठाते हुए चुनौती का सामना करें।

बांग्लादेश के कोच ने कहा कि, हर मैच खासकर भारत से जुड़े मैचों में एक उत्साह होता है क्योंकि वे दुनिया की नंबर एक टी20 टीम हैं। हम बस इस उत्साह का लुत्फ उठाने लेने जा रहे हैं। सिमंस का मानना है कि दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम (डीआईसीएस) की पिच वास्तव में बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी है और मैच में टॉस कोई बड़ा मसला नहीं होगा।

उन्होंने कहा, '' मैंने 40 ओवरों में विकेट में ज्यादा अंतर नहीं देखा। मुझे लगता है कि यह कुछ बेहतरीन विकेटों में से एक है जो मैंने यहां कुछ समय से देखे हैं। मुझे लगता है कि कल रात (भारत बनाम पाकिस्तान) भी ऐसा ही था। बांग्लादेश के कोच ने कहा, ''विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था। गेंदबाजों को सही गेंदबाजी करनी पड़ी। मुझे नहीं लगता कि टॉस का ज्यादा असर नहीं होगा।''

सिमंस ने कहा कि सितंबर की गर्मी में दुबई और अबुधाबी में लगातार क्रिकेट खेलना शारीरिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण है। वेस्टइंडीज के लिए 26 टेस्ट और 143 एकदिवसीय खेलने वाले इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, ''मुझे लगता है कि खिलाड़ी लगातार मैच खेलने के लिए काफी फिट हैं। लेकिन किसी भी टीम के लिए लगातार टी20 मैच खेलना चुनौतीपूर्ण है। यह जितना लोग सोचते हैं उससे कहीं ज्यादा मुश्किल है।

# भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले बांग्लादेश को लगा झटका, बड़ा खिलाड़ी हो सकता है बाहर

दुबई। बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास को भारत के खिलाफ सुपर-4 मुकाबले से पहले चोट लगने की आशंका है, क्योंकि 22 सितंबर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर के बाई ओर बेचैनी महसूस हुई और टीम के फिजियो बायजदि उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया।



बीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया, 'हम आज लिटन की जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल मूल्यांकन करना होगा।' हालांकि लिटन इस घटना के बाद ज्यादा असहज नहीं दिखे, लेकिन उनकी अनुपस्थिति बांग्लादेश के लिए एक बड़ा झटका साबित होगी। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उनकी अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी कौन करेगा, क्योंकि बीसीबी ने टूर्नामेंट के लिए किसी उप-कप्तान की घोषणा नहीं की है। बांग्लादेश ने अपने सुपर-4 अभियान की शुरुआत श्रीलंका पर शानदार जीत के साथ की।



# श्रेयस ने निजी कारणों से भारत ए की कप्तानी छोड़ी

नई दिल्ली । बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच से बाहर हो गये हैं। श्रेयस अचानक ही भारत ए की कप्तानी छोड़कर मुम्बई लौट गये हैं। श्रेयस की कप्तानी में ही भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहला अनाधिकारिक टेस्ट मैच खेला था जो ड्रॉ रहा था। श्रेयस ने निजी कारणों से दूसरे मैच से अपना नाम वापस लिया है। उनके बाहर जाने से अब भारत ए की कप्तानी ध्रुव जुरेल या फिर रजत पाटीदार टीम को मिल सकती है। रिपोर्ट के अनुसार ये पता नहीं चला है कि श्रेयस ने अचानक ऐसा फैसला क्यों किया है। उन्होंने अपनी फैसले की जानकारी बीसीसीआई को भी दे दी है।

# गांगुली दूसरी बार बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बने




कोलकात। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली दूसरी बार बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष बने हैं। अभी इस पद पर उनके बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली थे। गांगुली ने दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर कहा कि ईडन गार्डन्स स्टेडियम की क्षमता को बढ़ाकर एक लाख के करीब किया जाएगा। इसके अलावा अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के अहम मैचों की मेजबानी हासिल करना भी प्रयास किया जाएगा। गांगुली को सोमवार को कोलकाता में सीएबी की 94वीं वार्षिक आम बैठक में निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह इससे पहले साल 2015 से 2019 तक सीएबी अध्यक्ष रहे थे। गांगुली साल 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष भी रहे थे। गांगुली ने कहा कि उनका पहला काम नवंबर में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले पहले टेस्ट के लिए ईडन को पूरी तरह से तैयारी करना रहेगा। यह 2019 में बांग्लादेश के खिलाफहुए दिन रात्रि टेस्ट मैच के बाद ईडन गार्डन्स में पहला टेस्ट होगा। गांगुली को उम्मीद हैं की भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें ईडन गार्डन्स में उपलब्ध सुविधाओं का आनंद उठाएगी। उन्होंने कहा, ''यह एक अच्छा टेस्ट मैच होगा, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका विश्व चैंपियन है। इस स्टेडियम में सब कुछ मौजूद है। अच्छी पिचें, अच्छे दर्शक और, बुनियादी ढांचा है।'' गांगुली रविवार को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की वार्षिक आम बैठक में सीएबी का प्रतिनिधित्व करेंगे। बीसीसीआई रविवार को मुंबई में होने वाली अपनी वार्षिक आम बैठक में दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास को अपना नया अध्यक्ष चुनने जा रहा है।

# ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, स्टार ऑलराउंडर वनडे विश्व कप से बाहर

**स्पोर्ट्स डैस्क।** ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लगा, जब स्टार ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस चोट के कारण आगामी आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 से बाहर हो गई। यह विश्व कप 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। हैरिस को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में पिंडली में खिंचाव की चोट लगी, जो संयोग से मार्च 2024 के बाद से इस प्रारूप में उनकी पहली वापसी थी।

इस चोट ने इस ऑलराउंडर की भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान अपना पहला वनडे विश्व कप मैच खेलने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। हैरिस




ऑस्ट्रेलिया के 2022 विश्व कप विजेता अभियान का हिस्सा थीं, लेकिन एक भी मैच नहीं खेल पाई। हैरिस निचले क्रम में अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी के लिए जानी जाती हैं। उनका टी20आई स्ट्राइक रेट 155.52 का है और वे एक उपयोगी ऑफ-स्पिनर भी हैं, जिन्होंने 21 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए हैं।

ग्रेस हैरिस ने सफेद गेंद क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। मार्च 2024 के बाद से ऑस्ट्रेलिया के लिए कोई भी वनडे मैच नहीं खेलने के बावजूद, ग्रेस हैरिस ने अपने हालिया सफेद गेंद वाले मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। टी20 ब्लास्ट में सरी के लिए खेलते हुए, उन्होंने लगभग 158 के स्ट्राइक रेट से 338 रन बनाए।

चोटिल ग्रेस हैरिस की जगह ऑस्ट्रेलियाई आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 टीम में हीथर ग्राहम को शामिल किया जाएगा। वह वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती दो महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग मैचों के बाद भारत में टीम से जुड़ेंगी। ग्राहम एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं, जिन्होंने 6 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और 9 विकेट लिए हैं। हैरिस की तरह, ग्राहम ने भी इंग्लिश घरेलू लीग में अच्छा प्रदर्शन किया है।

**आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 के लिए अपडेटेड ऑस्ट्रेलियाई टीम-** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, ऐश गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी नहीं खेलेंगे ऋषभ



मुम्बई । इंग्लैंड दौरे में चोटिल हुए भारतीय टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी टल गयी है। ऋषभ को वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले माह होने वाली दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए भी शामिल नहीं किया गया है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज को इंग्लैंड में चौथे टेस्ट के दौरान चोट लग गयी थी। उसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। वेस्ट इंडीज सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा 24 सितंबर की जा सकती है। चयनसमिति ऋषभ को फिट होने के लिए पर्याप्त समय दिये जाने के पक्ष में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक चयन समिति 15 खिलाड़ियों का चयन करेगी। ऋषभ को मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के दौरान बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया था। अभी ये विकेटकीपर बल्लेबाज चोट से उबर गया है पर ताकत और कंडीशनिंग का अभ्यास कर रहा है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर नजर रखे हुए है। भारतीय टीम वेस्टइंडीज सीरीज के बाद 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया में एक सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगी। इस दौरे में युवा ध्रुव जुरेल को विकेटकीपर बल्लेबाज की जिम्मेदारी मिलना तय है। जुरेल अभी लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेल रहे हैं। उन्हें इंग्लैंड दौरे में अंतिम दो टेस्ट में विकेटकीपिंग की थी।

# थिम्मप्पिया मेमोरियल टूर्नामेंट में अर्जुन तेंदुलकर ने लिया समित द्रविड़ का विकेट


**अलूर (एजेंसी)।** कर्नाटक के अलूर में एक स्थानीय टूर्नामेंट में दो महान क्रिकेटरों के बेटे आमने-सामने नजर आये। यहां सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ अलग-अलग टीमों से उतरे थे। ऐसे में बल्लेबाजी कर रहे समित का विकेट गेंदबाजी कर रहे अर्जुन ने लिया। समित केएससीए सेक्रेटरी इलेवन के लिए खेल रहे थे।

समित ने थिम्मप्पिया मेमोरियल टूर्नामेंट में 26 गेंदों पर 9 रन रन बनाये। जिसमें दो चौके शामिल थे पर अर्जुन तेंदुलकर की गेंद पर वह कैच हो गये।

अर्जुन 25 साल के हो चुके हैं जबकि समित अभी 19 साल के हैं। अर्जुन गेंदबाजी करते हैं और अपने करियर को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं तो समित अच्छा बल्लेबाज बनना चाहते हैं।

इस टूर्नामेंट में कर्नाटक के कुछ शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले करुण नायर और प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल थे। इस टूर्नामेंट को 2025-26 रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए अभ्यास की तरह देखा जा रहा है, जिससे प्लेयर्स की फॉर्म और फिटनेस का आंकलन किया जाएगा।





# शाहिद अफरीदी ने अंपायरों पर लगाया पक्षपात का आरोप

लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने एशिया कप क्रिकेट 2025 में भारतीय टीम के हाथों मिली करारी हार के लिए अंपायरों को दोषी बताया है। अफरीदी ने आरोप लगाया है कि आईपीएल में अवसरों को देखते हुए अंपायर भारतीय टीम के पक्ष में फैसले देते है। अफरीदी ने इस मैच में फखर जमां को आउट दिए जाने के फैसले पर भी सवाल उठाये। फखर को हार्दिक पंड्या की गेंद पर संजू सैमसन ने कैच किया था जिसे थर्ड अंपायर ने सही मानते हुए उन्हें आउट करार दिया। अफरीदी ने कहा कि सभी अंपायर भारत की आईपीएल में काम करना चाहते हैं। ऐसे में वे बेहतर करियर की उम्मीद में अन्य टीमों के खिलाफ फैसले देते हैं। अफरीदी ने तंज कसते हुए कहा, 'उन्हें आईपीएल में भी तो अंपायरिंग करनी है.' वहीं एक और पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहम्मद यूसुफ ने अफरीदी की बात का समर्थन किया। साथ ही कहा, 'अंपायरों ने अलग एंगर से रिप्ले नहीं देखा। फखर ने तीन चौके मारे थे और पहले ओवर में ही बुमराह का सामना आराम से कर रहे थे। ऐसे में भारतीय टीम को उनका विकेट चाहिये था। वहीं पाक कप्तान सलमान ने कहा कि उन्हें लगा कि गेंद विकेटकीपर के दस्तानों में जाने से पहले जमीन पर टकराई थी। सलमान ने मैच के बाद कहा, 'अंपायर गलतियां कर सकते हैं पर मुझे लगा कि यह गेंद विकेटकीपर के आगे उछली थी हालांकि मैं गलत हो सकता हूं। साथ ही कहा कि जिस तरह से फखर बल्लेबाजी कर रहे थे, अगर उन्होंने पावर प्ले में बल्लेबाजी की होती, तो हम शायद 190 रन बना सकते थे।'



# अभिषेक शर्मा का खुलासा, व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे थे पाकिस्तानी गेंदबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 के सुपर-4 राउंड में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मुकाबले में दर्शकों ने क्रिकेट का असली रोमांच देखा। भारत ने इस मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज की, लेकिन खेल का असली आकर्षण रन बनाने के साथ-साथ खिलाड़ियों के बीच हुई तनातनी भी रही। भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खुलासा किया कि पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों ने उन्हें बार-बार उकसाने के लिए व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे थे।

### शुरुआती ओवरों से चढ़ा पारा

मैच की शुरुआत में ही तनाव बढ़ गया था। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज लगातार भारतीय बल्लेबाजों को शब्दों के जरिए विचलित करने की कोशिश कर रहे थे। खासतौर पर शुरुआती स्पेल के दौरान शुभमन गिल और शाहीन



अफरीदी के बीच हुई बहस ने माहौल गरमा दिया। इसके बाद हारिस रऊफ भी अभिषेक शर्मा से भिड़ गए, जिसके चलते अंपायरों को दखल देना पड़ा।

### अभिषेक का सख्त जवाब

मैच के बाद अभिषेक शर्मा ने स्पोर्ट्स शो में बातचीत करते हुए साफ किया कि उन्हें विपक्षी टीम का व्यवहार कतई पसंद नहीं आया। उनके मुताबिक, पाकिस्तान के गेंदबाज हर गेंद के बाद व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे थे, जो खेल की भावना के खिलाफ है। अभिषेक ने कहा कि उन्होंने और गिल ने तय किया कि बहस करने के बजाय रन बनाकर ही जवाब दिया जाए।

### साझेदारी ने बदला खेल का रुख

भारतीय टीम की जीत में गिल और अभिषेक की शतकीय साझेदारी सबसे अहम रही। दोनों बल्लेबाजों ने न केवल टीम को शुरुआती दबाव से निकाला बल्कि पाकिस्तानी आक्रमण को भी ध्वस्त कर दिया। अभिषेक ने कहा कि गिल के साथ उनकी समझ काफी पुरानी है और यही तालमेल मैच में काम आया।

### आत्मविश्वास का राज

अभिषेक ने आगे कहा कि उनका आत्मविश्वास टीम के भरोसे से आता है। टीम मैनेजमेंट और साथी खिलाड़ी लगातार उन्हें समर्थन देते हैं, जिससे वह मैदान पर खुलकर खेल पाते हैं। उन्होंने कहा कि जब पूरी टीम आपके पीछे खड़ी हो, तो जवाब भी उसी स्तर का देना चाहिए।

### मैदान पर खेल, शब्दों से नहीं

भारत की यह जीत एक बार फिर इस बात का सबूत है कि मुकाबले बल्ले और गेंद से जीते जाते हैं, न कि शब्दों की जंग से। पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने जिस तरह की रणनीति अपनाई, उसका जवाब भारतीय बल्लेबाजों ने शांत रहकर रन बनाकर दिया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र, स्वदेशी उत्पाद खरीदने-बेचने का आग्रह किया

## जीएसटी सुधारों से 2.5 लाख करोड़ की बचत होगी, देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को खुला पत्र लिखकर स्वदेशी उत्पाद खरीदने और बेचने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इससे कई परिवारों की आजीविका बेहतर होगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। अपने पत्र में मोदी ने बताया कि जीएसटी सुधारों से लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। त्योहारी माहौल में मोदी ने सभी से जीएसटी बचत उत्सव मनाने का भी आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों से उद्योग, विनिर्माण और निवेश में सुधारों को बढ़ावा देने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि नए जीएसटी सुधार एमएसएमई और छोटे कारोबारियों के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'ईज ऑफ कंप्लायंस' को आसान बनाएंगे। कम कर दरें और सरल नियमों से बिक्री में तेजी आएगी और नए व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के राज्यों ने जीएसटी कटौती का स्वागत किया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने जागरूकता अभियान चलाने की घोषणा की। वहीं विपक्षी नेता ममता बनर्जी, सिद्धारमैया और ए रेवंत रेड्डी ने राजस्व नुकसान और मुआवजे को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य मंत्रियों ने बाजारों का दौरा कर दुकानदारों और व्यापारियों से प्रतिक्रिया ली। सरकार ने इस बात पर नजर रखने की बात कही है कि जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे। दोषी व्यापारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भी एलान किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भोजन, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट, बीमा जैसी वस्तुओं पर कर कम या शून्य होगा। 12 लाख रुपये तक की आय पर अब कोई आयकर नहीं लगेगा। इससे देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठ चुके हैं और मध्य वर्ग मजबूत हुआ है। इस तरह के सुधारों से भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी, रोजगार बढ़ेंगे और स्थानीय उत्पादन को मजबूती मिलेगी।

# भारत की जीडीपी 6.5 फीसदी रहने की उम्मीद: रिपोर्ट

## जून तिमाही में 7.8 फीसदी की वृद्धि हुई, जो उम्मीद से बेहतर है

**नई दिल्ली**

एक अमेरिकी कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार भारत की जीडीपी ग्रोथ इस वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी पर स्थिर रहने की संभावना है। जून तिमाही में 7.8 फीसदी की वृद्धि हुई, जो उम्मीद से बेहतर है। घरेलू मांग में मजबूती, जीएसटी सुधार और आयकर में बदलाव इसके प्रमुख कारण बताए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य मुद्रास्फीति में अधिक गिरावट आई है, जिससे पूरे वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 3.2 फीसदी कर दिया गया है। इससे मौद्रिक नीति में बदलाव की गुंजाइश बढ़ी है और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) से 25 बेसिस पॉइंट की ब्याज दर कटौती की उम्मीद है। एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में भारत में सरकारी निवेश के कारण निवेश में तेजी देखी गई है। उभरते बाजारों में घरेलू मांग भी मजबूत बनी हुई है, जो आर्थिक विकास को सहारा दे रही है। अगस्त में चीन के निर्यात में अमेरिका को शिपमेंट में कमी के बावजूद बड़ा असर नहीं दिखा, लेकिन अमेरिकी टैरिफ बढ़ने और वैश्विक आर्थिक वृद्धि धीमी होने से निर्यात में कमी आने की संभावना है। घरेलू मांग, हाउसिंग निवेश और उपभोग में गिरावट आई है। हाउसिंग क्षेत्र में गिरती बिक्री ने लोगों के विश्वास को प्रभावित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 और 2026 की दूसरी छमाही में चीन की आर्थिक



वृद्धि लगभग 4 फीसदी पर धीमी रहने की संभावना है।

यह रिपोर्ट भारत और चीन दोनों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण संकेत देती है और आगे की नीतिगत तैयारियों के लिए मार्गदर्शक होगी।

# जीएसटी दरों में कटौती से कार, बाइक व एसी-टीवी की बिक्री में जोरदार उछाल

## इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में लौटी रौनक, दिवाली तक दोगुनी बिक्री का अनुमान




**नई दिल्ली**

सरकार द्वारा कुछ 22 सितंबर से इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर जीएसटी दरों में की गई कटौती का असर बाजार में साफ दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से एयर-कंडीशनर और टेलीविजन जैसे बड़े उपकरणों की बिक्री में भारी उछाल देखा गया है। त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ ही ग्राहक सस्ते सौदों को पकड़ने के लिए दुकानों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उमड़ पड़े हैं। रूम एयर कंडीशनर पर जीएसटी दर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दी गई है, जिससे इन उत्पादों की कीमतों में हजारों रुपये तक की गिरावट आई है। हायर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को डीलरों ने किसी भी सामान्य दिन की तुलना में दोगुनी बिक्री की सूचना दी है। टीवी सेगमेंट में भी यही ट्रेंड देखा गया है। सुपर प्लास्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अवनीत सिंह मारवाह के अनुसार, थॉमसन, कोडक जैसे ब्रांड्स की बिक्री में पहले ही दिन 30-35 फीसदी की वृद्धि हुई है। खासकर 43 और 55 इंच स्क्रीन वाले मॉडल्स की मांग काफी बढ़ी है। ब्लू स्टार के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि ग्राहक जीएसटी में आई कमी से काफी उत्साहित हैं और यह रुझान आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। डीलरों का अनुमान है कि दिवाली तक इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री पिछले साल के मुकाबले दोगुनी हो सकती है। त्योहारी सीजन में आमतौर पर साल की कुल बिक्री का 35 फीसदी हिस्सा होता है।

# हर दिन बिक रहे 246 स्कूटर बजाज चेतक ईवी



**नई दिल्ली**

भारत के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में बजाज चेतक ईवी ने नया इतिहास रच दिया है। जनवरी 2020 में लॉन्च हुआ यह स्कूटर अब तक 5,10,000 से ज्यादा ग्राहकों तक पहुंच चुका है। खास बात यह है कि इनमें से 40 प्रतिशत यानी करीब 2,06,000 यूनिट्स पिछले 10 महीनों (नवंबर 2024 से) में बिकी हैं।

चेतक को यह उपलब्धि हासिल करने में कुल 69 महीने लगे। औसतन कंपनी हर महीने 7,391 यूनिट्स और रोजाना 246 यूनिट्स बेचने में सफल रही। हाल ही में रेयर अर्थ मैग्नेट की कमी के कारण इसके प्रोडक्शन पर अस्थायी रोक लगानी पड़ी थी, जिससे बिक्री प्रभावित हुई। हालांकि, अब उत्पादन फिर से पटरी पर लौट आया है और फेस्टिव सीजन में इसकी बिक्री और बढ़ने की उम्मीद है। गौरतलब है कि चेतक ने ओला इलेक्ट्रिक को पछाड़कर कुछ समय पहले ही नंबर-1 की पोजीशन हासिल की थी। टीवीएस आईक्यूब के साथ भी यह लंबे समय तक टॉप स्पॉट पर रहा। इस सफलता का श्रेय बजाज के व्यापक नेटवर्क को भी जाता है। कंपनी के 3,800 से ज्यादा टचपॉइंट्स ग्राहकों को बेहतर सर्विस मुहैया कराते हैं।

अब तक बेची गई कुल यूनिट्स में से 3.48 लाख से ज्यादा स्कूटर्स सिर्फ पिछले 20 महीनों में बिके हैं। खास बात यह है कि पिछली 2 लाख यूनिट्स तो 10 महीने से भी कम समय में ग्राहकों तक पहुंचाई गईं। वर्तमान में चेतक का पोर्टफोलियो चार मॉडलों का है। चेतक 3001 में 3 केडब्ल्यूएच की बैटरी है, जबकि 3501, 3502 और 3503 वैरिएंट में 3.5 केडब्ल्यूएच का बड़ा बैटरी पैक मिलता है। इनकी कीमत 99,900 रुपए से शुरू होकर 1.35 लाख रुपए तक जाती है।

# जीएसटी 2.0: मारुति ने एक दिन में 25,000, हुंडई ने 11000 और टाटा ने 10000 गाड़ियों की डिलेवरी की

**नई दिल्ली**

देश में नया गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी 2.0 लागू होकर ऑटोमोबाइल सेक्टर में जबरदस्त तेजी आई है। 22 सितंबर से लागू हुए नए टैक्स सिस्टम ने कंपनियों और ग्राहकों दोनों के लिए बड़ी राहत दी है। छोटी कारों पर टैक्स घटने से डिमांड इतनी तेजी से बढ़ी कि कार कंपनियों को पहले ही दिन बंपर बुकिंग और रिकॉर्ड डिलीवरी का जश्न मनाया। जीएसटी 2.0 लागू होते ही देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड को पहले दिन ही ग्राहकों की ओर से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली। कंपनी के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स) पार्थो बनर्जी ने बताया कि 22 सितंबर को कंपनी को 80,000 से ज्यादा ग्राहकों ने पूछताछ की और एक ही दिन में 25,000 से अधिक कारों की डिलीवरी हुई। आने वाले दिनों में 30,000 से ज्यादा डिलीवरी की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि छोटी कारों की मांग इतनी मजबूत है कि कुछ वैरिएंट का स्टॉक खत्म हो सकता है। मारुति ने 18 सितंबर से ही जीएसटी दरों में कटौती के साथ अतिरिक्त प्राइस कट का ऐलान किया था, जिसके बाद से कंपनी को महज कुछ दिनों में 75,000 बुकिंग मिल चुकी हैं। यानी रोजाना करीब 15,000 बुकिंग दर्ज की जा रही हैं, जो सामान्य से करीब 50 प्रतिशत अधिक है।वहीं हुंडई मोटर इंडिया के होलटाइम डायरेक्टर और सीओओ तरुण गर्ग ने भी इस बेहद सकारात्मक संकेत बताया। उनके अनुसार जीएसटी 2.0 और नवरात्रि की शुरुआत ने बाजार में नया उत्साह लेकर आया है। कंपनी ने पहले ही दिन करीब 11,000 डीलर बिलिंग दर्ज की, जो पिछले पांच वर्षों में किसी एक दिन का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे यह साफ होता है कि त्यौहारी सीजन में ग्राहकों का भरोसा और खरीदारी का उत्साह बेहद मजबूत है। टाटा मोटर्स ने भी धमाकेदार शुरुआत की है। जीएसटी 2.0 लागू होने के पहले दिन कंपनी ने 10,000 गाड़ियों की डिलीवरी की और 25,000 से ज्यादा पूछताछ दर्ज की गई। यह आंकड़े बताते हैं कि नई टैक्स व्यवस्था ने ग्राहकों को खरीदारी के लिए और भी प्रेरित किया है।

# आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स का आईपीओ हुआ लॉन्च



**नई दिल्ली** आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स का आईपीओ 22 सितंबर से खुल गया है और यह 25 सितंबर तक आवेदन के लिए उपलब्ध रहेगा। कंपनी ने इस आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 393 से 414 प्रति शेयर तय किया है। कुल 1.8 करोड़ इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे, जिनसे कंपनी 745 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। आईपीओ में न्यूनतम निवेश 36 शेयरों के लॉट में करना होगा, जिसकी कीमत लगभग 14,904 रुपए है। निवेशक 13 लॉट तक (468 शेयर) आवेदन कर सकते हैं। यह पूरी प्रक्रिया फ्रेश इश्यू पर आधारित है। एंकर निवेशकों ने पहले ही 220 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं, जिनमें एचडीएफसी, कोटक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस प्रमुख हैं। आनंद राठी शेयर के शेयर 30 सितंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। बाजार विशेषज्ञों की राय इस आईपीओ को लेकर सकारात्मक है।

# आरबीआई सितंबर में घटा सकता है 25 आधार अंक ब्याज दर: एसबीआई

**नई दिल्ली** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति में नियंत्रण और नरमी के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सितंबर 2025 में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती कर सकता है। 29-30 सितंबर को होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में यह फैसला लिया जाएगा, जिसकी घोषणा 1 अक्टूबर को होगी। रिपोर्ट में टाइप 2 गलती (दर कटौती न करना) से बचने की सलाह दी गई है। वित्त वर्ष 2027 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति लगभग 4 प्रतिशत या उससे कम रहने का अनुमान है। जीएसटी में कोई कटौती किए बिना मुद्रास्फीति सितंबर और अक्टूबर में पहले ही दो प्रतिशत से नीचे चल रही है।

# यूरो प्रतीक सेल्स का शेयर करीब 11 फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली यूरो प्रतीक सेल्स लिमिटेड का शेयर मंगलवार को अपने निर्गम मूल्य 247 रुपये से लगभग 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर यह शेयर 273.45 रुपये पर खुला, जो निर्गम मूल्य से 10.70 फीसदी अधिक था, और बाद में 279.55 रुपये तक पहुंच गया, जो 13.17 फीसदी की बढ़त दर्शाता है। एनएसई पर भी इसने 272.10 रुपये पर शुरुआत की, जो निर्गम मूल्य से 10.16 फीसदी अधिक है। यह कंपनी डेकोरेटिव वॉल पैनल उद्योग में अग्रणी है। इसका 451.32 करोड़ रुपये का आईपीओ पिछले गुरुवार को 1.34 गुना अभिदान के साथ सफल रहा। आईपीओ का मूल्य दायरा 235 से 247 रुपये प्रति शेयर था।

# छोटे व्यवसायों के लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन, क्या है जरूरी?

## -जीएसटी नंबर होने से व्यवसाय की बढ़ती है विश्वसनीयता

**नई दिल्ली**

भारत में छोटे व्यवसायी अक्सर जीएसटी रजिस्ट्रेशन को लेकर उलझन में रहते हैं। वर्तमान कानून के अनुसार जिन व्यवसायों का सालाना टर्नओवर 40 लाख से अधिक है, उन्हें जीएसटी के लिए अनिवार्य रूप से रजिस्टर होना पड़ता है। सेवा क्षेत्र के लिए यह सीमा 20 लाख रुपए और विशेष श्रेणी राज्यों में 10 लाख रुपए है। इन सीमाओं के नीचे आने वाले व्यवसायी को जीएसटी रजिस्ट्रेशन करवाना जरूरी नहीं, लेकिन वे इसे स्वैच्छिक रूप से कर सकते हैं। छोटे व्यवसायी जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने में ही फायदा मानते हैं। इससे उन्हें इनपुट टैक्स क्रेडिट मिलता है, जो खर्चों पर टैक्स कम करता है। इसके अलावा जीएसटी नंबर होने से व्यवसाय की विश्वसनीयता बढ़ती है और बड़े कॉर्पोरेट या ई-कॉमर्स क्लाइंट से व्यापार करना आसान होता है।

यदि व्यवसाय ऑनलाइन या कई राज्यों में कारोबार कर रहा है तो जीएसटी रजिस्ट्रेशन लगभग जरूरी हो जाता है। जीएसटी के तहत व्यापार करते समय खर्च, बिक्री, खरीद और चालानों का सही रिकॉर्ड रखना आवश्यक है। इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड रखने से जीएसटी रिटर्न भरना आसान हो जाता है। रिकॉर्ड अधूरा या गलत होने से व्यवसायी को जांच या ऑडिट में दिक्कतें आ सकती हैं। इसलिए साफ-सुथरा हिसाब रखना जरूरी है। छोटे व्यवसायी को अपने टर्नओवर और व्यवसाय की प्रकृति को देखकर जीएसटी रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता समझनी चाहिए। चाहे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो या स्वैच्छिक, सही तरीके से अनुपालन करने से व्यवसाय को कई फायदे मिल सकते हैं।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट पर बंद

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हल्की गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच ही बाजार में उत्साह की कमी नजर आयी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 57.87 अंक टूटकर 82,102.10 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 32.85 अंक नीचे आकर 25,169.50 पर बंद हुआ। आज केवल बैंकिंग शेयरों में ही तेजी रही। निफ्टी बैंक 225 अंक करीब 0.41 फीसदी की बढ़त के साथ ही 55,509.75 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी ऑटो 0.62 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक 1.09 फीसदी और निफ्टी पीएसई 0.23 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर निफ्टी आईटी 0.71 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 1.29 फीसदी , निफ्टी रियल्टी 0.89 फीसदी , निफ्टी एनर्जी 0.46 फीसदी और निफ्टी इन्फ्रा 0.18 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।

वहीं सेंसेक्स पैक में एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी, एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एलएंडटी और बजाज फिनसर्व टॉप गेनर्स थे। ट्रेंट, टेक महिंद्रा, एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और एचडीएफसी बैंक के शेयर नुकसान में रहे। वहीं घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार करते हुए दिखा। जीएसटी कमी के बाद त्योहारी मांग में मजबूती से ऑटो, मेटल और वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में तेजी देखी गई, जबकि एफएमसीजी और रियल्टी शेयरों पर मुनाफावसूली के कारण गिरावट रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी के बीच रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।




इससे पहले आज सुबह बाजार सपाट स्तर पर खुले। शुरुआती कारोबार में हालांकि ऑटो और आईटी शेयरों में खरीदारी के चलते बाजार को सहारा मिला। बीएसई सेंसेक्स 82,147.37 के स्तर पर स्थिर खुलकर 143.70 अंकों की हल्की बढ़त के साथ 2,303.67 पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी-50 ने 25,209 पर शुरुआत की और 11.05 अंक बढ़कर 25,216 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में मंगलवार को तेजी देखी गई। यह वॉल स्ट्रीट पर टेक शेयरों की मजबूती से प्रेरित थी। आखिरी जानकारी के अनुसार, जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.99 फीसदी ऊपर रहा। जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 0.2 फीसदी की बढ़त में था। हालांकि, हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.32 फीसदी की गिरावट में देखा गया। अमेरिकी शेयर बाजारों ने मजबूती के साथ कारोबार समाप्त किया। यह मजबूती एनविडिया की घोषणा के चलते आई जिसमें उसने कहा कि वह ओपनएआई में 100 बिलियन डॉलर तक का निवेश करेगी। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स 0.7 फीसदी ऊपर रहा, एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.44 फीसदी नीचे बंद हुआ, जबकि डॉव जोन्स 0.14फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना: 25 लाख म हिलाओं को मुफ्त मिलेगा एलपीजी कनेक्शन



**नई दिल्ली** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाय) के तहत 25 लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन जारी करने की मंजूरी दी है। इससे योजना के तहत कुल कनेक्शन संख्या 10.58 करोड़ हो जाएगी। सरकार ने इस योजना के लिए 676 करोड़ रुपये खर्च करने को मंजूरी दी है। इसमें 25 लाख डिपॉजिट मुक्त कनेक्शन के लिए 512.5 करोड़ रुपये और 9 रीफिल तक प्रति सिलेंडर 300 रुपये की सब्सिडी के लिए 160 करोड़ रुपये शामिल हैं। पीएमयूवाय के तहत लाभार्थियों को डिपॉजिट मुक्त रसोई गैस कनेक्शन, पहला रीफिल, स्टोव, सुरक्षा जमा, प्रेशर रेगुलेटर, सुरक्षा होज और गैस कंज्यूमर कार्ड पुस्तिका मुफ्त दी जाती है। पहले रीफिल या स्टोव के लिए कोई भुगतान नहीं करना होता।

# एच-1बी वीजा शुल्क में भारी बढ़ोतरी से भारतीय आईटी कंपनियों पर दबाव

## - अनुबंधों पर दोबारा बातचीत तय

**नई दिल्ली**

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों को अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा शुल्क में भारी बढ़ोतरी के कारण नया संकट झेलना पड़ सकता है। अमेरिका ने इस शुल्क को 1,00,000 डॉलर तक बढ़ा दिया है, जिससे भारत की प्रमुख आईटी सेवा कंपनियों जैसे टीसीएस, इंफोसिस,` विप्रो और एचसीएल की लागत में जोरदार वृद्धि होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि कंपनियां अब वीजा वाले कर्मचारियों को भारत में ही रखने को मजबूर हो सकती हैं। साथ ही कनाडा और मेक्सिको जैसे देशों में आकस्मिक खर्च बढ़ाने पड़ेंगे और अमेरिका में स्थानीय भर्तियों को प्राथमिकता देनी होगी। इन बदलावों से कंपनियों की संचालन लागत और अधिक बढ़ेगी। मार्च 2025 तक करीब 20 अरब डॉलर के आईटी अनुबंधों का नवीनीकरण होना है, जिनमें कई बड़े सौदे अभी लंबित हैं। इनमें टीसीएस के स्टार अलायंस और नीलसन, इंफोसिस के डेमलर और जीई अप्लायंसेज और` विप्रो के ई.आन तथा पेट्रोब्रास के साथ सौदे शामिल हैं। नेल्सनहॉल के एक विश्लेषक के अनुसार अगले साल मार्च से कंपनियां एच-1बी वीजा आवेदन पूरी तरह बंद कर सकती हैं। इससे ऑनसाइट स्टाफिंग सीमित हो जाएगी और कई भूमिकाएं या तो स्थानीय लोगों को दी जाएंगी या सलाहकारों के माध्यम से पूरी होंगी। इस परिदृश्य में, एआई और जनरेटिव एआई जैसी




तकनीकों के उपयोग से सेवाओं में दक्षता तो बढ़ेगी, लेकिन राजस्व पर दबाव भी बढ़ेगा। लागत कम करने के दबाव और तकनीकी बदलावों के कारण आईटी कंपनियों को सौदों पर फिर से बातचीत करनी पड़ सकती है।

# वॉरेन बफे को बीवायडी में निवेश से 4,500 फीसदी का मुनाफा

## 17 साल के बाद निकाला पूरा पैसा, 2008 में किया था निवेश

**नई दिल्ली** दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे ने 2008 की वैश्विक आर्थिक मंदी के दौरान चीन की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी बीवायडी में 23 करोड़ डॉलर के निवेश के साथ लगभग 10 फीसदी हिस्सेदारी ली थी। तब बीवायडी मुख्य रूप से मोबाइल फोन बनाती थी। बीते 17 वर्षों में बीवायडी का स्टॉक लगभग 4,500= फीसदी बढ़ गया। बफे ने कंपनी में लंबे समय तक विश्वास बनाए रखा और शुरुआती 14 वर्षों तक कोई शेयर नहीं बेचे। 2022 में पहली बार उन्होंने स्टॉक्स बेचना शुरू किया और 2024 तक अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचकर करीब 41.5 करोड़ डॉलर (3,652 करोड़ रुपये) का मुनाफा कमाया। बीवायडी ने मोबाइल फोन से इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड कारों के क्षेत्र में सफलता पाई और चीन की सबसे बड़ी ई-कार निर्माता कंपनी बन गई। कंपनी के स्टॉक ने हाल ही में अपना ऑल टाइम हाई भी छुआ था, लेकिन इसके बाद करीब 30 फीसदी की गिरावट आई। इस गिरावट से पहले ही बर्कशायर ने अपना सारा निवेश निकाल लिया।

# कोयले पर कर व्यवस्था में बदलाव से बिजली उत्पादन की लागत घटेगी

## - बिजली उत्पादन की लागत प्रति यूनिट 17 से 18 पैसे तक कम होने का अनुमान

**नई दिल्ली** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने हाल ही में कोयले पर 400 रुपये प्रति टन का क्षतिपूर्ति उपकर हटा दिया है। कोयला मंत्रालय के अनुसार इस कदम से बिजली क्षेत्र के लिए कोयले का औसत मूल्य लगभग 260 रुपये प्रति टन रह सकेगा। कोयले के विभिन्न ग्रेडों पर कीमतें 13.40 से 329.61 रुपये प्रति टन तक घटेंगी। इसके साथ ही, पहले कोयले पर अलग-अलग ग्रेड के अनुसार असमान उपकर लागू था, जिससे कम गुणवत्ता वाले कोयले पर अधिक कर लग रहा था। अब सभी कोयला ग्रेडों पर समान 39.81 प्रतिशत कर व्यवस्था लागू कर दी गई है। हालांकि जीएसटी की दर कोयले पर 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। इन सुधारों के कारण बिजली उत्पादन की लागत प्रति यूनिट 17 से 18 पैसे तक कम होने का अनुमान है।



# होमबाउंड का हर हिस्सा सपने से कम नहीं

**जान्हवी कपूर, ईशान खट्टर और विशाल जेठवा अभिनीत फिल्म होमबाउंड साल 2026 में ऑस्कर अवॉर्ड्स में नामांकित हो चुकी है। फिल्म को ऑस्कर 2026 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर कैटेगरी के लिए सेलेक्ट किया गया है। इसी खुशी में जान्हवी कपूर ने फिल्म को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है।**

## जान्हवी कपूर का पोस्ट

जान्हवी कपूर ने फिल्म होमबाउंड को एक पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, यह फिल्म एक सपने जैसी रही है। इसकी कहानी, लोग, और हमारी टीम के हर सदस्य के लिए इसका खास महत्व रहा है। इस सफर का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत बड़ा इनाम है। शुरू से अब तक, यह फिल्म उन सभी लोगों का उत्सव है जिनकी प्रतिभा, अच्छाई और साहस को मैं बहुत प्यार और सम्मान करता हूं। यह फिल्म और इसका सफर उम्मीद की कहानी है। 26 सितंबर को सिनेमाघरों में!

## सेलेब्स का पोस्ट

मनीष मल्होत्रा और जोया अख्तर ने जान्हवी कपूर की इस पोस्ट पर लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। नितांशी गोयल ने लिखा, बधाई हो, शनाया कपूर ने लिखा, हे भगवान, एक्टर संजय कपूर ने लिखा, शानदार।

## फिल्म होमबाउंड के बारे में

इस फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म होमबाउंड विदेशों में आयोजित हुए कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में प्रदर्शित हो चुकी है। भारत में होमबाउंड 26 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। होमबाउंड एक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन नीरज घायवान ने किया है। यह फिल्म बशारत पीर के 2020 के न्यूयॉर्क टाइम्स के एक लेख पर आधारित है।



# 'कल्कि 2' से बाहर होने के बाद दीपिका का भावुक पोस्ट

## शाहरुख के साथ शुरू की किंग की शूटिंग

**'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल से बाहर किए जाने की चर्चाओं के बीच अब दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म करने की पुष्टि की है। दीपिका ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की है कि वो शाहरुख खान के साथ 'किंग' में काम कर रही हैं। 'कल्कि 2' से निकाले जाने के बाद यह खबर दीपिका के फैंस के लिए खुशखबरी लाई है।**

'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल बाहर किए जाने के बाद दीपिका ने पहली बार सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने इस बात को कंफर्म किया कि वो शाहरुख खान के साथ फिर से काम कर रही हैं। दीपिका ने इंस्टाग्राम पर शाहरुख खान का हाथ थामे एक तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में सिर्फ दोनों के हाथ नजर आ रहे हैं, चेहरा नजर नहीं आ रहा है। इस तस्वीर के साथ ही दीपिका ने एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा है।

### 18 साल पहले दी गई शाहरुख की सीख को किया याद

पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'लगभग 18 साल पहले ओम शांति ओम की शूटिंग के दौरान उन्होंने मुझे जो पहला सबक सिखाया, वह यह था कि फिल्म बनाने का अनुभव और आप जिन लोगों के साथ इसे बनाते हैं, वे इसकी सफलता से कहीं ज्यादा मायने रखते हैं। मैं इससे पूरी तरह से सहमत हूं। तब से मैंने अपने हर फैसले में इस सीख को लागू किया है। शायद यही वजह है कि हम साथ में अपनी छठी फिल्म बना रहे हैं?' इस पोस्ट में दीपिका ने किंग का हैशटैग लगाया है। साथ ही शाहरुख खान और 'किंग' के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद को मेंशन भी किया है। साथ ही उन्होंने डे वन लिखा है, जिससे ये साफ होता है कि उन्होंने 'किंग' की शूटिंग शुरू कर दी है।

### शाहरुख के साथ हिट है दीपिका की जोड़ी

दीपिका पादुकोण ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत ही शाहरुख के साथ 2007 में आई फिल्म 'ओम शांति ओम' से की थी। इसके बाद उन्होंने शाहरुख के साथ 'हैप्पी न्यू ईयर', 'चेन्नई एक्सप्रेस', 'पठान' और 'जवान' में भी काम किया है। दीपिका और शाहरुख की जोड़ी जब भी बड़े पर्दे पर आई है फिल्म सफल हुई है। अब सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित 'किंग' में यह जोड़ी एक बार फिर नजर आएगी।

### सुहाना खान भी हैं 'किंग' का हिस्सा

सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित 'किंग' में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, जैकी श्रॉफ, अनिल कपूर, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, जयदीप अहलावत और अभय वर्मा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'किंग' के अलावा दीपिका एटली की आगामी फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ भी नजर आएंगी।





# 50 साल की हो चुकी हैं अमीषा

## बताया अब तक क्यों नहीं की शादी

**बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री अमीषा पटेल ने ऋतिक रोशन के साथ फिल्म कहो ना प्यार है से डेब्यू किया था। इसके बाद वह गदर में नजर आईं। जल्दी ही वह बॉलीवुड पर छा गईं। अब अभिनेत्री 50 साल की हो चुकी हैं लेकिन उन्होंने अभी शादी नहीं की है। हाल ही में उन्होंने बताया है कि उन्होंने अब तक शादी क्यों नहीं की।**

### अमीषा पटेल को मिलते हैं प्रस्ताव

अमीषा पटेल ने खुलासा किया है कि भले ही वह पहले कई लोगों के साथ रिश्तों में रही हों, लेकिन उन्होंने कभी शादी नहीं की क्योंकि लोग चाहते थे कि वह घर बैठ जाएं और एक्टिंग छोड़ दें। अमीषा ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा मैं स्कूल में कभी लड़कों के पीछे नहीं भागती थी, बल्कि वह मेरे पीछे भागते थे। तब से मुझे ढेरों प्रस्ताव मिले हैं और अब तक आते ही रहते हैं।

### अमीषा ने क्यों नहीं की शादी?

अमीषा ने आगे बताया मैं जितने लोगों से मिली, उनमें से ज्यादातर चाहते थे कि मैं शादी के बाद घर पर ही रहूं और काम न करूं। यह बात मुझे रास नहीं आई। मैं अपनी जवानी सिर्फ किसी की पत्नी बनकर नहीं बिताना चाहती थी।

यह पूछे जाने पर कि क्या अमीषा अब प्यार नहीं पाना चाहतीं? इस सवाल के जवाब में अमीषा ने कहा मैं शादी के लिए पूरी तरह तैयार हूं, बशर्ते मुझे कोई सही इंसान मिले। कहते हैं न, जहां चाह, वहां राह, इसलिए जो व्यक्ति मुझे हर हाल में ढूंढ ले और मौके पर चौका मारले, वही मेरा साथी होगा।

### प्यार के बजाए करियर को चुना

अमीषा ने आगे कहा जो लोग आपसे प्यार करते हैं, वे आपके करियर को आगे बढ़ने देंगे। मैंने अपने करियर के लिए बहुत कुछ खोया है और प्यार के लिए भी बहुत कुछ खोया है। मैंने एक-दूसरे के लिए दोनों चीजें छोड़ी हैं। मुझे लगता है कि मैंने दोनों से सीखा है। फिल्मों में आने से पहले मेरा किसी से रिश्ता था। वह मेरे लिए अच्छी पसंद थे। हालांकि जब मैंने फिल्म में जाने का फैसला किया, तो मेरा साथी नहीं चाहता था कि मैं लोगों की नजरों में आऊं। इस तरह मैंने प्यार की बजाय अपने करियर को चुना।

# रचित सिंह से गुपचुप सगाई की अफवाहों के बाद हुमा का क्रिप्टिक पोस्ट

हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी फिल्म बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इस फिल्म का प्रीमियर हुआ। इसके अलावा अपनी निजी जिंदगी के चलते भी हुमा चर्चा बटोर रही हैं। हाल ही में कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि अभिनेत्री ने अपने कथित बॉयफ्रेंड रचित सिंह से गुपचुप सगाई कर ली है।

### साउथ कोरिया पहुंचीं हुमा कुरैशी

हुमा कुरैशी ने अपनी सगाई की उड़ती अफवाहों के बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से सगाई की खबर पर रिएक्ट किया है। हुमा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें एक व्यंजन की तस्वीर है। इसके जरिए उन्होंने बताया है कि वे साउथ कोरिया में हैं।

### काम से काम रखो

हुमा ने इस फोटो के साथ जो मैसेज लिखा है, वह गौर करने वाला है। उन्होंने लिखा है, सभी लोगों को शांत रहने की जरूरत है और अपने काम से काम रखो। उन्होंने आगे लिखा है कि वे साउथ कोरिया में लैंड हो गई हैं। हुमा ने फ्लाइट से खाने की फोटो शेयर की है। साझा की गई तस्वीर में बाउल में सूपी नूडल्स दिखाई दे रहे हैं।

### कौन हैं रचित सिंह?

हुमा के कथित बॉयफ्रेंड रचित एक्टिंग कोच हैं। वे आलिया भट्ट, रणवीर सिंह और विक्की कौशल जैसे सितारों को ट्रेनिंग देने के लिए मशहूर हैं। उन्होंने 'कर्मा कॉलिंग' सीरीज से अभिनय की शुरुआत की थी। हुमा और रचित, दोनों लंबे वक्त से दोस्त हैं। दोनों को कई बार साथ में देखा गया है। हाल ही में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुमा की फिल्म बयान की स्क्रीनिंग के दौरान भी रचित मौजूद रहे। इसके अलावा हुमा कुरैशी की बेस्ट फ्रेंड और अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल इकबाल की शादी में भी रचित शामिल हुए थे।







# आर्यन ने कभी महसूस नहीं कराया कि वह सुपरस्टार का बेटा है

**किल, ग्यारह ग्यारह और युधा जैसे प्राजेक्ट्स में अपनी अदाकारी का जलवा दिखा चुके डांसर टर्न एक्टर राघव जुयाल इन दिनों आर्यन खान निर्देशित वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड के लिए चर्चा में हैं। सीरीज में उनकी बिंदास एक्टिंग लोगों को खूब पसंद आ रही है। राघव का कहना है कि यह सीरीज करते हुए उन्हें खुद भी बहुत समय बाद एक अलग सी ताजगी महसूस हुई।**


### हमारी राय को खुले दिल से सुनते थे आर्यन

बकौल राघव, इस शो को करते हुए बहुत समय बाद एक ताजगी वाला अहसास हुआ, क्योंकि आर्यन का टेक बहुत नया था। कुछ अलग हो रहा था। जो सालों से चला आ रहा है, वैसा नहीं हो रहा था। हम सबकी साझेदारी भी बहुत थी कि लक्ष्य कुछ बोल रहा था, मैं कुछ बोल रहा था, तो बड़ा मजेदार प्रॉसेस था। सेट पर बहुत ही यंग एनर्जी थी। आम तौर पर जब डायरेक्टर बहुत अनुभवी होता है, तो हमें अपनी राय देते वक्त झिझक होती है कि बोलूं या ना बोलूं, लेकिन आर्यन हमारी ओपिनियन को लेकर बहुत ओपन था। उसने हमें बिल्कुल भी ऐसा महसूस नहीं कराया कि वह दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार का बेटा है। हमें बिल्कुल बराबरी का दर्जा दिया, जो हर सेट पर होनी चाहिए। वहां काम करते हुए बहुत सम्मानजनक महसूस होता था। ऐसा लगता था कि शाहरुख (खान) सर और आर्यन समझ जाते हैं कि एक्टर क्या सोच रहा है। शाहरुख सर बिना बताए ये समझते थे कि हम यहां तक पहुंचने के लिए कितनी मेहनत कर रहे हैं, क्योंकि वह खुद उस इससे गुजरे हैं। वही तहजीब, वही सोच उन्होंने आर्यन को दी है तो वो सम्मान वाला माहौल मुझे बहुत पसंद आया। ऐसे में, आप 25 घंटे करा लो, डबल शिफ्ट करा लो, हम कभी मना नहीं करेंगे।

### हीरो इंसान लगे, जीआईजो नहीं

राघव बॉलीवुड की बेहतरी के लिए एक बदलाव जरूरी मानते हैं और वह है अपनी जड़ों से जुड़ी कहानियां सुनाना। उनका कहना है कि हमें अपनी जड़ों से जुड़ी हुई फिल्में बनानी चाहिए। जैसे, बैड्स ऑफ बॉलीवुड में हमने बिना किसी डर के एक नई चीज दिखाई है। ऐसा नहीं कि ये फॉर्मूला चल रहा है तो यही बनाएंगे। आर्यन और हम बिल्कुल रॉ कॉन्टेंट लेकर आए हैं और हमने यह हिंदुस्तान की जनता के लिए बनाया है, सिर्फ शहरी-टाउन के लिए नहीं बना रहे हैं। जैसे, साउथ की रीजनल फिल्में जब हम देखते हैं तो वे वहां की ट्राइबल चीजें, अपनी संस्कृति की चीजें दिखाते हैं। उनका हीरो देखकर भी लगता है कि कोई इंडियन आदमी देख रहे हैं तो एक रिलेटेबिलिटी फैक्टर लगता है। विजय दलपति या विजय सेतुपति को देखो तो लगेगा कि हां, ये इंसान लग रहे हैं। ऐसा नहीं कि कहीं से जीआईजो या बार्बी डॉल आ गई तो मुझे लगता कि इस चीज पर हमें भी काम करना चाहिए, जिससे देखने वालों को एक जुड़ाव महसूस हो।

### हर एक्टर के डीएनए में शाहरुख खान



राघव पर सीरीज के निर्माता और सुपरस्टार शाहरुख खान का क्या प्रभाव रहा है? इस पूछने पर उन्होंने कहा, यहां बाहर से जो भी एक्टर बनने आता है, उसके डीएनए में 90 पर्सेंट शाहरुख खान होता ही होता है, क्योंकि उन्होंने हम सबके लिए ये रास्ता खोला है कि भाई ये हो सकता है। आप बाहर से आकर भी सबसे बड़े सुपरस्टार बन सकते हैं। वहीं, किल में लक्ष्य के दुश्मन से इस शो में उनके जिगरी यार वाले रोल को लेकर राघव बताते हैं, हम किल के दौरान भी दोस्त ही थे। स्क्रीन पर भले हम दुश्मन थे, पर ऑफ स्क्रीन दोस्ती ही थी। हमारी वही ऑफ स्क्रीन दोस्ती इस शो में ऑनस्क्रीन हो गयी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in